कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 313, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 09 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ऐतिहासिक जीतः गुजरात में 'नमो नमो'

## गुजरात में भाजपा ने 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड

**अहमदाबादः** गुजरात में भाजपा ने 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के सीएम रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस ऐतिहासिक जीत के बाद 12 दिसंबर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में सीएम की शपथ होगी। दिलचस्प बात यह है चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कहा था- नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे। चुनाव नतीजों में बिलकुल यही नजर आ रहा है। भाजपा समर्थक जश्न मना रहे हैं।

गुरुवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह गांधीनगर में विधानसभा भवन के पीछे हैलीपेड मैदान पर 12 दिसंबर को आयोजित होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा के कई दिग्गज शामिल होंगे।

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी को राज्य में पहली जीत जामनगर की जामजोधपुर सीट पर मिली है। यहां आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हेमंत खावा ने भाजपा के उम्मीदवार व पूर्व मंत्री चिमनभाई सापरिया को हराया। इसके अलावा कांग्रेस के जिग्नेश मेवाणी बनासकांठा





जिले की वडगाम सीट से भाजपा के उम्मीदवार मणिभाई वाघेला से 5000 मतों से आगे चल रहे हैं। भावनगर पश्चिम सीट पर 12वें राउण्ड की मतों की गिनती के बाद भाजपा के उम्मीदवार जीतू वाघाणी जीत के करीब पहुंच गए हैं। वे अपने निकटम प्रतिद्वंदी 21 हजार मतों से आगे हैं। इसके अलावा पोरबंदर सीट पर समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार कांधल जाडेजा जीतने में सफल हुए हैं। इसके साथ ही राज्य विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का खाता खुला है। कांधल जाडेजा एनसीपी से सपा में आए। पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने दल बदल कर चुनाव लड़ा था। इसके अलावा द्वारका जिले की खंभालिया सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार इसुदान गढवी 11 हजार मतों से पीछे चल रहे हैं। गारियाधार, बोटाद, जामजोधपुर, भीलोडा, विसावदर और डेडियापारा में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से आगे हैं। पोरबंदर में 10 वर्षों के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया जीतने में सफल हुए हैं। उन्होंने भाजपा के बाबूभाई बोखारिया को हराया है। डेडियापारा में आम आदमी पार्टी के चैतर वसावा 8120 मतों से आगे हैं।

**जनता को भाजपा पर भरोसाः सीएम भूपेंद्र**

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है, यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अविरत चालू रखना है। यहां के लोगों ने एक बार फिर बीजेपी पर अटूट भरोसा दिखाया है।

**आप पांच सीटों पर सिमटी, लेकिन राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलाः** आम आदमी पार्टी गुजरात में महज 5 सीटें जीत सकी है। उसके तीनों बड़े नेता चुनाव हार गए हैं। इनमें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी, प्रदेश अध्यक्ष






## जनादेश को मोदी का नमन

नई दिल्लीः गुजरात में भाजपा लगातार 7वीं बार सरकार बना रही है। इस जीत के बाद जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने दिल्ली के बीजेपी हेड ऑफिस में पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं, ये जनादेश अभिभूत करने वाला है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर आपके स्नेह का साक्षी है। मैं गुजरात हिमाचल और दिल्ली की जनता का आभार जताता हूं। आपका प्यार उपचुनावों में भी दिखा। यूपी के रामपुर में भाजपा जीती है। बिहार के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का प्रदर्शन कर रहा है।

**गुजरात का प्यार अभूतपूर्वः** मोदी ने कहा कि चुनावों के दौरान मैंने गुजरात की जनता से कहा था, इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। मैंने वादा किया था कि भूपेंद्र नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़े इसके लिए मैं जी जान से कोशिश करूंगा। जनता ने गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर नया इतिहास रच दिया है। ढाई दशक से लगातार सरकार में रहने के बावजूद ऐसा प्यार अभूतपूर्व है। लोगों ने जाति-वर्ग आदि विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया।

पीएम ने कहा कि इस चुनाव में वोट देने वाले एक करोड़ से भी ज्यादा ऐसे वोटर्स थे, जिन्होंने कांग्रेस का कुशासन नहीं देखा, सिर्फ भाजपा की ही सरकार देखी। युवा सवाल पूछना जानते हैं। युवा तभी वोट देते हैं, जब उन्हें भरोसा दिखता है, जब उन्हें काम दिखता है। युवाओं ने भाजपा को वोट देकर संदेश दिया है कि युवाओं ने हमारे काम को जांचा परखा और उस पर भरोसा किया।

## हिमाचल में राज बदला, रिवाज कायम

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जनता ने रिवाज कायम रखते हुए राज बदल दिया है। यानी, हर चुनाव की तरह इस बार भी सत्ता बदली है। राज्य की 68 सीटों पर वोटों की गिनती समाप्त हो गई है। कांग्रेस 40 सीटें जीत चुकी है। वहीं, भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई। 2017 के मुकाबले उसे 19 सीटों का नुकसान हुआ। 3 सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। एमसीडी चुनाव में भाजपा को हराने वाली आम आदमी पार्टी पहाड़ में खाता भी नहीं खोल पाई। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नतीजों के बाद इस्तीफा दे दिया। इधर, कांग्रेस ने नए सरकार के गठन के लिए चंडीगढ़ में निर्वाचित विधायकों की कल बैठक बुलाई है।

**भाजपा के 8 मंत्री चुनाव हारेः** हिमाचल में हर चुनाव में 45 से 75% मंत्रियों के चुनाव हारने का रिकॉर्ड है। इस बार भी जयराम ठाकुर कैबिनेट के 10 में से 8 मंत्री चुनाव हार गए। चुनाव हारने वाले मंत्रियों में सुरेश भारद्वाज, रामलाल मारकंडा, वीरेंद्र कंवर, गोविंद सिंह ठाकुर, राकेश पठानिया, डॉ. राजीव सैजल, सरवीण चौधरी, राजेंद्र गर्ग शामिल हैं। जयराम ठाकुर के अलावा बिक्रम ठाकुर और सुखराम चौधरी ही चुनाव जीत पाए।



### कांग्रेस ने 40 सीटें जीती, भाजपा 25 पर सिमटी, 10 में से 8 मंत्री भी चुनाव हारे, हिमाचल में कांग्रेस विधायकों को सेफ हाउस में रखेगी

**कांग्रेस में मुख्यमंत्री को लेकर मंथन शुरू**

सूत्रों के मुताबिक, हिमाचल में जीत के बाद कांग्रेस में सीएम चेहरे को लेकर मंथन शुरू हो गया है। नई सरकार के गठन को लेकर कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ में रखी गई है। इसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के लिए हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम पर विचार किया जा रहा है। प्रतिभा सिंह पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं और मंडी लोकसभा सीट से सांसद भी हैं।

**निर्णायक जीत के लिए हिमाचल का धन्यवादः राहुल गांधी**

हिमाचल में जीत को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की निर्णायक जीत के लिए हिमाचल प्रदेश की जनता का दिल से धन्यवाद, मैं विश्वास दिलाता हूं कि हिमाचल प्रदेश की जनता से किया गया हर वादा जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। वहीं हिमाचल कांग्रेस ने हिमाचल विधानसभा चुनाव में जीत को लेकर कांग्रेस ने अपनी आधिकारिक इंस्टाग्राम आईडी पर प्रतिक्रिया साझा की है, जिसमें लिखा है कि 'यह जीत आप सबकी है।

## मैनपुरी उपचुनाव डिंपल यादव का बजा डंका

### रचा नया कीर्तिमान, मैनपुरी से बनीं पहली महिला सांसद

**मैनपुरीः** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने नया कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने 2.80 लाख से अधिक वोटों से भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से पहली महिला सांसद बन गई हैं। सपा से डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य समेत छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। गुरुवार की सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। शुरूआत से ही डिंपल यादव ने बड़ी बढ़त बना ली, जो मतगणना




खत्म होने के बाद बड़ी जीत में बदल गई। डिंपल को 617625 वोट मिले, जबकि रघुराज सिंह को 329489 वोट मिले। इस तरह डिंपल ने 288136 वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। बता दें कि 1996 के बाद मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और इसके बाद अब तक सपा कभी इस सीट से नहीं हारी। मैनपुरी लोकसभा सीट से बीते 19 चुनावों में कभी भी महिला प्रत्याशी को जनता ने नहीं चुना। एक नहीं बल्कि चार-चार महिला प्रत्याशियों ने लोकसभा सीट पर अपना भाग्य आजमाया, लेकिन हर बार उन्हें हार ही मिली। भाजपा से मशहूर भजन गायिका तृप्ति शाक्य, कांग्रेस से सुमन चौहान, बसपा से संघमित्रा मौर्या और निर्दलीय प्रत्याशी राजेश्वरी देवी ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं पाईं। हालांकि सपा ने इससे पूर्व इस सीट पर कभी महिला प्रत्याशी को नहीं उतारा था।

## पीएम के किले को भेदने में कामयाब रहे 'आप': केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने भाजपा के मजबूत किले को भेद दिया है और अगली बार जीतने में भी कामयाब रहेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी को 39 लाख से ज्यादा लोगों ने वोट दिया। आम आदमी पार्टी के संस्थापक ने खुशी जाहिर की कि 10 साल के भीतर ही उनकी पार्टी 'राष्ट्रीय पार्टियों' में शामिल हो गई है। केजरीवाल ने कहा कि महज 10 साल पहले आम आदमी पार्टी बनी थी। एक जवान पार्टी जिसे केवल 10 साल हुए हैं, उसकी दो



राज्यों में सरकार है। आज वह राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। यह जब लोग सुनते हैं तो दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। केजरीवाल ने गुजरात की जनता से मिले प्यार, सम्मान के लिए आभार जताया और कहा कि जीवनभर आभारी रहेंगे। उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।

## कुढ़नी में लहराया भाजपा का परचम

### भाजपा के केदार गुप्ता ने महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुशवाहा को हराया, जदयू-राजद दल मिले, दिल नहींः कुढ़नी में बड़ी सेंध के बावजूद भाजपा जीती, जदयू को राजद का नहीं साथ

**पटनाः** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की कुढ़नी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के केदार गुप्ता ने महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुशवाहा को हरा दिया है। इस चुनाव में खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जोर-शोर से प्रचार किया था लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। कुढ़नी में सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतों की गिनती 23 राउंड तक चली। नौ राउंड की गिनती में जहां भाजपा के केदार गुप्ता आगे रहें, वहीं 10 वें राउंड से 18 वें राउंड तक जदयू के मनोज कुशवाहा ने बढ़त बनाई थी। आखिर के पांच राउंड तक केदार गुप्ता ने बढ़त बनाते हुए महागठबंधन के मनोज कुशवाहा को पटखनी देते हुए 3645 मतों से चुनाव जीत लिया। मतगणना में भाजपा को 76653 जबकि जदयू को 73008 वोट मिले। जीत का अंतर 3645 का रहा।

मोकामा-गोपालगंज चुनाव को सत्ता-विपक्ष ने 1:1 से जीता था, क्योंकि दोनों की अपनी-अपनी सीट पर जीत पक्की थी। परीक्षा थी तो मुजफ्फरपुर की कुढ़नी विधानसभा सीट पर उपचुनाव में। 05 दिसंबर को परीक्षा हुई, तब भी यह लग रहा था कि जो सामने वाले को जितनी बड़ी सेंध लगाएगा, उतनी आसानी से मुकाबला जीतेगा। भाजपा के वोटरों में वीआईपी ने बड़ी सेंध लगाई और महागठबंधन के वोटरों पर ओवैसी की पार्टी की सेंध अपेक्षाकृत बहुत छोटी रही, लेकिन जदयू को सेंध उसके अपने सहयोगी ने लगा दी। परिणाम ने साफ-साफ दिखा दिया कि राजद और जदयू के बीच दलों का गठबंधन तो हुआ है, दिलों का बिल्कुल नहीं। होता तो यह हाल कतई नहीं होता। पिछली बार से इस बार का वोट प्रतिशत थोड़ा कम होने के कारण भाजपा को नुकसान की बात कही जा रही थी, लेकिन असल में हुआ कुछ और। राजद के वोटरों ने जदयू का साथ ही नहीं दिया।

**भाजपा को सबक के साथ मिली मनोबल बढ़ाने वाली जीतः** 2020 में कुढ़नी सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने जीत दर्ज की थी। तब जदयू के वोटर भारतीय जनता पार्टी के साथ थे, फिर भी भाजपा प्रत्याशी की हार हो गई। इस बार भाजपा के उसी प्रत्याशी ने जदयू को शिकस्त दी।



### जदयू को चिंता के साथ मिली परेशान करने वाली हार

**नीतीश** कुमार के जनता दल यूनाईटेड ने कुढ़नी सीट के उप चुनाव में कम ताकत नहीं झोंकी थी। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने पिता के साथ सिंगापुर जाने का प्रोग्राम इस चुनाव प्रचार को पूरा करने के बाद का रखा। नीतीश-तेजस्वी की सभाओं के बावजूद परिणाम साफ-साफ दिखा रहा है कि जदयू को राजद का वोट नहीं के बराबर मिला। यह हार जदयू के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि अपनी तरफ से उसने भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। राजद की ओर से तेजस्वी यादव स्टार प्रचारक के रूप में नहीं होने के बावजूद प्रचार के लिए न केवल गए, बल्कि लालू प्रसाद की ओर से भावनात्मक अपील भी की। ऐसे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ इस बार जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के लिए भी यह चिंता का विषय है। जदयू को राजद का साथ नहीं मिलने की चिंता तो होगी ही, हासिल वोटों की संख्या के कारण परेशानी भी होगी।

## उपचुनाव : पांच राज्यों की दो विधानसभा सीटों पर भाजपा को मिली जीत

**नई दिल्लीः पांच** राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने दो, रालोद ने एक, कांग्रेस ने दो, बीजू जनता दल ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं लोकसभा की मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने बड़े अंतर से विजय पताका फहराया है। इन सभी सीटों पर भाजपा मुख्य मुकाबले में थी।

**उप्र की रामपुर सीट पर भाजपा, खतौली में सपा गठबंधन उम्मीदवार विजयीः** उत्तर प्रदेश में खतौली और रामपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आ गए हैं। रामपुर सीट पर भाजपा जीती है और खतौली सीट पर सपा समर्थित रालोद उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। दोनों विधानसभा सीटों पर विधायकों के अयोग्य घोषित होने के बाद उपचुनाव कराए गए। रामपुर में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना ने जीत दर्ज कर इतिहास रचने का काम किया है। मुजफ्फरनगर की खतौली सीट पर सपा समर्थित रालोद



उम्मीदवार मदन भैया ने जीत दर्ज की है।

**बिहार के कुढ़नी में लहराया भाजपा का परचमः** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की कुढ़नी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा के केदार गुप्ता ने महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुशवाहा को हरा दिया है। इस चुनाव में खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जोर-शोर से प्रचार किया था लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया।

**छत्तीसगढ़ : भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को 21,171 मतों से हरायाः** भानुप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी ने भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम को 21,171 वोटों से हराया है। इस बड़ी जीत के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। हालांकि, अभी जीत की औपचारिक घोषणा होना बाकी है, लेकिन कांग्रेस दफ्तर के बाहर जमकर आतिशबाजी करके मिठाइयां बांटी जा रही हैं। मतगणना परिणामों में भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम दूसरे स्थान पर रहे हैं। आदिवासी समाज के निर्दलीय उम्मीदवार अकबर राम कोर्राम तीसरे स्थान पर रहे। जीत के बाद सावित्री मंडावी ने रोड शो करके जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वो जनता की उम्मीदें पूरी करने की कोशिश करेंगी। उपचुनाव में कुल 1,41,662 वोट पड़े थे, जिसमें कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी को 65,479 वोट, भाजपा उम्मीदवार को 44308 वोट और आदिवासी समाज के उम्मीदवार अकबर राम को 23,417 वोट मिले हैं। नोटा में 4251 मत पड़े हैं।

**राजस्थान : सरदारशहर विधानसभा उपचुनावः कांग्रेस के अनिल शर्मा की हुई जीतः** राजस्थान के चूरू जिले का सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस ने बड़े अंतर से जीत लिया है।

# गोली लगने से घायल सीआरपीएफ के सिपाही की मौत, दोस्तों पर हत्या का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैंट के गंगानगर में शराब पार्टी के दौरान गोली से घायल सीआरपीएफ जवान पंकज त्रिपाठी उर्फ प्रशांत (45) की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। उसे लखनऊ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

शाम को घर वालों ने दोस्तों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक साथ में शराब पार्टी करने वाले दोस्तों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। जांच शुरू कर दी गी है। मूल रूप से चकमढ, बाघराय प्रतापगढ़ निवासी पंकज त्रिपाठी सीआरपीएफ में सिपाही था। इन दिनों पंकज झारखंड में तैनाती थी। पंकज ने राजापुर गंगानगर में भी मकान बनवाया था। कुछ दिन पहले पंकज छुट्टियों पर घर आया था। मंगलवार की रात पड़ोस में रहने वाले दोस्त जीतेंद्र उर्फ मोनू के घर शराब पार्टी की गई थी। पंकज शाम को ही अपने एक रिश्तेदार राज ओझा के साथ पहुंच गया था। कुछ और दोस्त भी बाद में आ गए थे। रात आठ बजे के करीब अचानक गोली चलने से पंकज गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। गोली सिर में लगी थी। अस्पताल ले जाया गया। यहां गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रिफर कर दिया गया। बुधवार को पंकज का ऑपरेशन किया गया। बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। घटना के बाद घर वालों ने शराब पार्टी में शामिल मोनू और राज समेत अन्य दोस्तों के खिलाफ तहरीर दी।

इंस्पेक्टर रुकुमपाल सिंह ने बताया कि दोस्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उनसे पहले ही पूछताछ हो चुकी है। सभी दोस्तों का यही कहना था कि शराब पीकर पंकज बार-बार अपनी पिस्टल दोस्तों को दिखा रहा था। इसी दौरान उसने अपने सिर पर पिस्टल रखकर गोली मार ली। उनका यह भी कहना था कि हो सकता है कि भूलवश पंकज से गोली चल गई हो। इंस्पेक्टर के मुताबिक अब विवेचना से ही पता चलेगा कि उस रात क्या हुआ था। फिलहाल पिस्टल के फोरेंसिक लैब जांच के लिए भेजी जा रही है।

## कस्बे में मिली अर्ध विक्षिप्त महिला की लाश, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** कस्बे मे एक अर्धविक्षिप्त महिला की लाश मिली। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस शव के शिनाख्त की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि गुरुवार की दोपहर मेजा कोतवाली के मेजारोड मे एक अर्ध विक्षिप्त महिला जिसकी उम्र लगभग 65 वर्ष है। वह काफी दिनों से घूम फिर कर मांग करके अपना जीवन यापन कर रही थी। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे उसकी मृत्यु की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया गया। शिनाख्त न होने पर शव को कब्जे में लेकर पंचायत की कार्यवाही व आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

## बाइक ट्रैक्टर में भिड़ंत एक की मौत दूसरा घायल

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार में बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई बाइक पर बैठा दूसरा युवक घायल बताया जा रहा है। ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि दोनों युवक दादा की अंत्येष्टि का सामान लेने हनुमानगंज बाजार आए थे।

पालीकरनपुर निवासी विनय कुमार यादव 18 पुत्र स्व. देशराज यादव अपने साथी मिथिलेश 19 के साथ शुक्रवार की दोपहर बाइक से हनुमानगंज बाजार परिवार में दादा लगने वाले हरिश्चंद्र यादव की अंत्येष्टि का सामान लेने गया था। हरिश्चंद्र यादव की बुधवार की रात मौत हो गई थी। हनुमानगंज बाजार से लौटते वक्त विनय की बाइक



कोटवा की तरफ से जा रहे ट्रैक्टर में आमने-सामने से रामनाथपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास टक्कर हो गई जिसमें विनय और साथी मिथिलेश दोनों घायल हो गए। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस दोनों को पास के एक अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने विनय को मृत घोषित कर दिया विनय की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया बताया जाता है कि दो भाइयों में विनय दूसरे नंबर पर था। साल भर पहले उसके पिता की बीमारी से मौत हो गई थी वह कक्षा 11 का छात्र था और अपने बुआ के यहां रह कर पढ़ाई करता था।

## औद्योगिक क्षेत्र में गैंगस्टर का अपराधी गिरफ्तार

**नैनी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार। औद्योगिक क्षेत्र। पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अंतर्गत उप पुलिस आयुक्त यमुनगर सौरभ दीक्षित व एसीपी/सीओ करछना के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त सोनू डाडी पुत्र नईम डाडी निवासी भड़रा थाना नैनी जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।

# यातायात नियमों का पालन करने से ही मार्ग दुर्घटनाएं रुक सकती हैं: अलका विश्वकर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।प्रयागराज।** कमला स्मारक इंटर कालेज बलापुर मे गुरुवार को यातायात नियमों के पालन हेतु जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने छात्र एवम छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने के लिए संकल्प दिलवाया गया।

अपने सम्बोधन मे प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने यह भी कहा कि यातायात नियमों का पालन करके व्यक्ति स्वयं एवम अपनों के जीवन मे खुशियों की बहार ला सकता हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय वाहन चालक के साथ बैठे हुए दूसरे व्यक्ति को भी हेलमेट लगाकर सुगम एवम सुरक्षित यात्रा करनी चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने उपस्थित छात्र/छात्राओं साहित अभिवावकों से यातायात नियमों के अनुपालन के साथ ही सड़क दुर्घटना मे पीड़ितों की मदद, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की वाहनों के लिए रास्ता देने की भावुक अपील भी किया गया। आगे उन्होंने यात्रा के दौरान नशा एवम मोबाइल फोन के इस्तेमाल न करने की अपील की।अपने सम्बोधन के समापन मे श्रीमती अलका विश्वकर्मा यह भी बोली कि मार्ग दुर्घटना जीवन भर दर्द देती हैं। दुर्घटनाओं से बचने के संयम एवम सतर्कता जरुरी हैं। मार्ग दुर्घटना न हों इसके लिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

स्थानीय नागरिको एवम अभिवावकों के मुताबिक कमला स्मारक इंटर कालेज अपने स्थापना काल से ही उच्च शिक्षा के साथ अनुशासन, सहयोग जैसे अनमोल गुणों के साथ ही नशा, अशिक्षा, दहेज प्रथा, नारी उत्पीड़न इत्यादि सामाजिक बुराइयों के नुकसान एवम इसको जड़ से समाप्त करने की दिशा मे विभिन्न आयोजनों, जनसंपर्क, नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन होंता रहा हैं।

## तस्करों का कारनामा: इरादतगंज यमुना घाट पर सिर और पंजा विहीन मिला घड़ियाल, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर के इरादतगंज गांव के यमुना घाट पर गुरूवार की सुबह एक हैरत करने वाला मामला सामने आया है। यमुना घाट पर सिर और पंजा विहीन घड़ियाल पड़ा ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का मानना है कि ये कारनामा जल जीव तस्करों का है। घड़ियाल को जाल में फसाने के बाद सिर और पंजे को काट कर लेने के बाद उसे छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि पंजे में लगे नाखून और और इसके सिर की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में लाखों करोड़ों में होती है। घडियाल के कई अंग की कीमती दवाओं में जहा इस्तेमाल की जाती है वहीं इससे अधिक जादू टोटके और साज सज्जा के शौकीन



बेशकीमती कीमतों में खरीददारी करते हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि घड़ियाल का अन्य अभिन्न अंग भी निकाला गया होगा । जल की सतह की तरफ पेट होने से अंदर नहीं दिख रहा है। क्षेत्र में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कछुए की तस्करों को ग्रामीण एक जुट होकर भगा दिए थे। पूर्व में पुलिस को भी ग्रामीणों ने सूचना दी थी लेकिन पुलिस ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। जिससे इस क्षेत्र में जल जीव तस्करों का आवाजाही बराबर लगा रहता है। घाटों पर अक्सर दिखती है लग्जरी कारें और अजनबी व्यक्ति

इरादतगंज पालपुर, बीकर, सारीपुर अमिलिया के यमुना घाटों पर अक्सर ग्रामीणों को लग्जरी कारें खड़े होते दिखती है। ग्रामीणों के पूछने पर वो व्यक्ति यमुना घाटों की सौंदर्यकरण हेतू सर्वे किए जाने की बात कहकर ग्रामीणों को गुमराह कर अपने तस्करी को बखूबी अंजाम देते हैं। कई बार लोगों ने घड़ियाल का कंकाल लोगों ने देखा है इस क्षेत्र में जल जीव तस्कर विगत पांच वर्षों से सक्रिय हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने यदि सक्रियता नही बरती तो विलुप्त हो रहे इस तरह के जल जीव एक भी नहीं बचेंगे। जहा सरकार इस तरह के जल जल और वन्य प्राणी के लिए फिक्र मद है तो वहीं स्थानीय प्रशासन इस ओर निष्क्रिय बनी हुई है। इस तरह की घटनाओं की सूचना मिलने के वाबजूद भी जांच पड़ताल करने नहीं पहुंचती है।

### रात को मछुवारो की ग्रामीणों ने सुनी थी होहल्ला

ग्रामीण बताते हैं कि आधी रात को नांव पर सवार मछुवारों ने हल्ला मचाया था। जिनके वजह से जल जीव तस्कर पूरी तरह से घड़ियाल के अन्य प्रमुख अंगों को ले जानें में असफल रहे और बीच में ही छोड़कर भाग निकले। और घड़ियाल बहते हुए घाट की तरफ आ गया। मछुवारों के बीच इस बात को लेकर खासी चर्चा रही। मामले में न पड़ने की वजह से किसी ने पुलिस को सूचना भी नहीं दी।

## आईटीआई में 16 दिसंबर व 20 दिसंबर को प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संकल्प योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता 16 दिसंबर 2022 व मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 20 दिसंबर 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में संपन्न होगी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की जन्मतिथि 1 जनवरी 2002 या उसके बाद की होनी आवश्यक है इस प्रतियोगिता में ऑटो बॉडी रिपेयर, हेयर ड्रेसिंग, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, हेल्थ एंड सोशल केयर, ब्यूटी थेरेपी, आईटी सॉफ्टवेयर सलूशन फॉर बिजनेस, प्लास्टिक डाई इंजीनियरिंग, सीएनसी मिलिंग, रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडीशन , सीएनसी टर्निंग , रेस्टोरेंट सर्विसेज, इलेक्ट्रॉनिक्स, वेल्डिंग, फैशन टेक्नोलॉजी की प्रतियोगिता होगी इच्छुक प्रतिभागी निम्न वेबसाइट पर अपना पंजीकरण निशुल्क करा सकते हैं। उक्त जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव ने दी।

## डाक्टर ने 5.6 सेंटीमीटर का पथरी निकालकर मिसाल कायम किया

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** तहसील क्षेत्र के रामपुर स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल में मीना देवी 60 वर्ष? की पीड़ित मरीज का डॉक्टर रजनीकांत कुशवाहा एमबीबीएस एमएस द्वारा पित्त के थैली का ऑपरेशन किया गया जिसमें 5.6 सेंटीमीटर पथरी निकाल कर एक मिसाल कायम किया इतनी बड़ी पथरी देखकर हॉस्पिटल के कर्मचारी वह डॉक्टर अचंभित रह गए लेकिन मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है इस मौके पर डॉक्टर अर्जुन ,सिंह गुलाम मुस्तफा ,बृजेश यादव, मनजीत पटेल, खुशबू ,मोहम्मद फजल आदि लोग मौजूद थे।

## तालाब पर हुए अतिक्रमण को एसडीएम ने हटवाया

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चिल्ली राजापुर में लगभग 4 एकड़ के तालाब पर चारों तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण हटाने हेतु उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी।



न्यायालय के आदेश पर एसडीएम करछना गणेश प्रसाद कनौजिया नायब तहसीलदार एवं लेखपालों को लेकर घूरपुर थाना अध्यक्ष अश्विनी कुमार मय फोर्स दोपहर में चिल्ली गांव पहुंचे तो पूरे गांव में सनसनी मच गई। सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके यूकेलिप्टस की बागवानी की गई थी। जिसे एक बार कटवा कर बेच लिया गया। दोबारा पुनः बागवानी तैयार की गई है। जेसीबी से बागवानी को नष्ट किया गया एवं सरकारी जमीन चिन्हित कर खाली करने का निर्देश दिया। उसके बाद तालाब किनारे बने एक गौशाला एवं सुलभ शौचालय को भी ढहाया गया। उसके गांव बाद गांव में घूम कर एसडीएम एवं थानाध्यक्ष की टीम ने पूरे गांव को 2 दिन में अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया। सभी लोगों को अपने से अपना सामान सुरक्षित हटा लेने का निर्देश दिया और कहा कि यदि जो नहीं हटाएगा तो उसे जेसीबी से नष्ट करवा दिया जाएगा उसके जिम्मेदार आप होंगे। शिकायत के अनुसार लगभग 20 लोगों द्वारा तालाब पर अतिक्रमण किया गया है। एसडीएम ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि जो भूमिहीन है और तालाब के किनारे बसे हुए हैं उन्हें चिन्हित कर मुख्यमंत्री आवास से लाभान्वित किया जाए। एसडीएम करछना ने लेखपाल को यह भी निर्देशित किया कि सरकारी जमीन पर यूकेलिप्टस का उत्पादन कर बेची गई रकम का आकलन कर उसकी रिकवरी कराई जाए।

## आश्रम पद्धति विद्यालय खाई के प्रधानाचार्य एवं महिला लिपिक की दबंगई

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मंडलीय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खाई में कार्यरत प्रधानाचार्य एवं महिला लिपिक की दबंगई इतनी बढ़ गई है कि सरकारी कार्य में जबरन बाधक बन गई जो चर्चा का विषय बना हुआ है, बता दें कि दो दिन पहले विद्यालय में सैकड़ों हरे पेड़ों को झाड़ियों की साफ सफाई के नाम पर सैकड़ों हरे शीशम के पेड़ जमीदोज कर दिए गए थे लाखों रूपए की वेश किमती शीशम के 87 हरे पेड़ों को झाड़ियों की साफ सफाई के नाम पर कटवा कर बेचने की तैयारी चल रही थी उसी दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रयागराज, एसडीएम करछना,बन क्षेत्राधिकारी एवं जिला के उच्च अधिकारियों को सूचना मिली तो वुधवार को विद्यालय खाई पहुंचे जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर चले गए, गुरुवार को वन क्षेत्राधिकारी करछना रजनीश परमार्थ अपनी टीम लेकर आश्रम पद्धति विद्यालय खाई पहुंचे अवैध ढंग से काटे गये सैकड़ों हरे पेड़ों को कारवाई करते हुए लकड़ी को कस्टडी में ले कर गाड़ी से जाने लगें तो ट्रैक्टर एवं मैजिक पर लोड रास्ते में गाड़ी के आगे विद्यालय की लिपिक अंजिका मोना शर्मा ने स्कूटी खडी कर जबरन वन बिभाग के वन दरोगा दिलीप कुमार वाजपेई एवं आर पी सोनकर व अन्य कर्मचारियों से दबंगई से लकड़ी नहीं जाने दिया,यह घटनाक्रम देर शाम तक जारी रहा,देर शाम सूचना यूपीएफ टास्क फोर्स को दी गई, खबर लिखे जाने तक जिले से वन विभाग के आला अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके थे, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय परिसर में लाखों रूपए के वेश किमती शीशम के सैकड़ों के आसपास पेड चोरी छुपे विना परमिशन के काट कर हजम करने की कोशिश करते हुए विद्यालय के प्रबन्ध तंत्र द्वारा प्रयास किया गया लेकिन पोल खुल जाने पर अब सरकारी अफसरों से दबंगई की जा रही है।



## एडीएम सिविल सप्लाई का निरीक्षण धान क्रय केंद्रों का लिया जायेजा, दिया दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** जिले के अपर जिला अधिकारी प्रयागराज खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जे पी सिंह ने तहसील कोरांव के धान क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। एडीएम सिविल सप्लाई प्रयागराज ने कोरांव हाट शाखा, पथरा सुभाष आदि कई क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। और यह भी आदेशित किया कि सीरियल से किसानों का जैसे जैसे धान केंद्रों पर आए वैसे वैसे टोकन देते जाएं और तौल कराते जाएं। श्री जे पी एडीएम सिविल सप्लाई धान क्रय केंद्रों के प्रभारी ने विभागीय अफसरों कर्मियों को चेताया कि किसी भी किसान के साथ शोषण और अन्याय नहीं होनी चाहिए। तथा मानकों और नियमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। मिलरों बिचौलिए की सांठ गांठ की शिकायतों पर ऊन्होंने कहा की यदि ऐसी शिकायतें मिलती हैं तो जांच के उपरांत दोषी जनों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 14 को

## कोराव में अब तक कुल पांच दर्जन पुत्री विवाह के आवेदन मिले,सत्यापन शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई गई सामूहिक विवाह का आयोजन दिसंबर माह से प्रारंभ कर दिया गया है। जिस क्रम में कोरांव ब्लॉक में भी सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित किया गया है। बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में विकास खंड कोरांव से अब तक कुल 60 वर वधूओ के आवेदन ब्लॉक मुख्यालय पर जमा हुए हैं। जिसमें खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत के सचिवों तथा समाज कल्याण के एडीओ आरिफ खान द्वारा फार्म के सत्यापन कराए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले विवाह कार्यक्रम में मात्र 29 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसमें 8 जोड़े मांडा ब्लाक तथा दो नगर पंचायत कोरांव के भी शामिल किए गए थे। उक्त कार्य क्रम को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न ब्लॉकों में नोडल अधिकारी तथा सफल आयोजन के लिए कई विभाग के अधिकारियों को लगाया गया है।

इस संदर्भ में बीडीओ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक हमें सिर्फ 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें काफी आवेदन अपात्र भी हैं। उसका सत्यापन कराया जा रहा है।सत्यापन के बाद पात्र जोड़ों की शादी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुल 96 जोड़ों की शादी का लक्ष्य मिला है। 14 दिसंबर के बाद अगर और आवेदन आएंगे तो उनके लिए फरवरी माह मे निश्चित तिथि पर वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा भी 1 मार्च 2023 को सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित होगा। जो प्रयागराज में संपन्न होगा। दर असल समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्बल वर्ग के पुत्रियों की शादियां जो घर पर लोग संपन्न करते थे और उन्हें अनुदान बीस हजार मिलता था। वह भी अब बंद कर दिया गया है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा मिलने वाली अनुदान राशि हेतु सैकड़ों हजारों आवेदकों को जिले में अनुदान राशि नहीं दी गई। गरीब श्रमिक आश लगाए बैठे रहे। किंतु पता चला कि ऑनलाइन और आफ लाइन आवेदन को कुछ लोगों को भुगतान दिए गए शेष निरस्त कर दिए गए। जिससे गरीबों में मायूसी देखी गई। सरकार से मांग है कि जिनके पूर्व में आवेदन हुए हैं उनको अनुदान दिया जाय जिससे कर्ज ले कर विवाह कराने वाले गरीबों के कर्ज अदायगी हो जाए। कोरोना काल के भी आवेदन ज्यादातर गरीबों के फार्म छांट दिए गए। चाहे समाज कल्याण हो या श्रम विभाग हो,गरीबों के साथ अन्याय हुए।

**प्रेमकली**
**जन संपर्क अधिकारी मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट कोराव प्रयागराज**



## हिमांचल में मिली जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को हिमांचल विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जश्न आतिशबाजी व मिठाई बाट कर मनाया। हिमाचल में मिली जीत से कांग्रेसी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। गुरुवार की शाम इसीपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पटाखे फोड़े गए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान राहुल गांधी प्रियंका गांधी जिंदाबाद के गगनभेदी नारे भी लगाए गए जा रहे थे। कांग्रेसी नेता जीशान अहमद ने कहा की राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई है जिससे देश के नौजवान और किसान बहुत तेजी से जुड़ रहा है। छात्र नेता सुनील कुमार, लल्लू प्रसाद यादव, भानु कुशवाहा, राजेंद्र पासी, मंगला हरिजन, राहुल कनौजिया, महेश यादव जंग बहादुर भारतीय, राकेश द्विवेदी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## चार वर्ष से एक चौकी पर पदस्थ है सिपाही नही हो रहा फेरबदल

**जारी/प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के यमुनापार में कई थानों एव चौकी में लगभग चार वर्ष से सिपाही एक ही चौकी व थानों मे पदस्थ है पुलिस विभाग द्वारा कई बार प्रभारियों एवं सिपाहियों के फेरबदल किया गया लेकिन कुछ सिपाही अंगद की तरह पाँव जमाकर डटे खडे है फेर बदल सूची में नाम आने के बाद जुगत जुगाड़ से चौकी से थानों में कुछ दिन के लिए पदस्थ हो जाते ही फिर कुछ दिन का समय बीत जाने के बाद पुलिस विभाग के उच्चधिकारियों के खास होने पर फिर से उसी चौकी पर पदस्थ हो जाते स्थानीय चौकी पर रहकर क्षेत्र के सभी वैध ,अवैध पहलुओं की जानकरी प्राप्त हो कर लेते है और मोटा रकम कमाने लगते है ।जानकरी के मुताबिक अवैध ढंग से वसूली एवं अनैतिक जैसे कई मामलों में इनका हस्तक्षेप रहता हैं इनके कार्यशैली से लोग नाखुश रहते हैं थाना चौकी में आए नए प्रभारियों के खास बने रहते है जो कि विभाग द्वारा फेरबदल सूची मात्र कंही ना कंही कुछ सिपाहियों के लिए कागज तक सीमित है पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेश का असर उन पर नहीं दिख रहा है कई बार फेरबदल होने के बाद भी सिपाही उसी चौकी में पदस्थ है।

# एक लाख उड़ाने वाले चार टप्पेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 72 हजार रुपये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के मम्फोर्डगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास से एक लाख उड़ाने वाले चार टप्पेबाजों को बृहस्पतिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 72 हजार रुपये बरामद कर लिए गए हैं। पकड़े गए चार बदमाशों में से दो की फुटेज बैंक के सीसीटीवी से मिल गई थी। पुलिस ने इसी आधार पर बदमाशों को पकड़ा।

कर्नलगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को मम्फोर्डगंज से अरुण तिवारी निवासी बदलापुर, जौनपुर, रोहित शर्मा निवासी आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़, विजय पांडेय निवासी कप्तानगंज, आजमगढ़ और योगेश पाटील निवासी जलगांव महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से



72 हजार रुपये नकद, आठ बम, ब्रेजा कार, पांच मोबाइल और नोटों के आकार की कागज की गड्डी बरामद हुई। एसपी सिटी संतोष मीना ने बताया कि चारों काफी समय से शहर में रहकर जालसाजी और टप्पेबाजी कर रहे हैं। 15 अक्तूबर को मम्फोर्डगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास से गिरोह ने एक लाख रुपये उड़ाए थे। पुलिस ने इस मामले की जांच की तो सीसीटीवी में दो संदिग्धों की फुटेज मिली थी। उनकी फोटो के आधार पर जांच की गई और उन्हें खोज निकाला गया। सभी बदमाश बाहर के रहने वाले हैं। यहां किराये पर कमरा लेकर रह रहे हैं। गाड़ियों के आसपास रुपये गिराकर टप्पेबाजी करते थे। उनसे पूछताछ की जा रही है। अन्य अपराधों के बारे में पता किया जा रहा है।

### चारों बदमाश गुजरात में भी जा चुके हैं जेल

पुलिस के मुताबिक चारों शातिर अपराधी हैं। गुजरात में रहकर वे जेल जा चुके हैं। वहां से शराब की तस्करी और मारपीट में दो बार जेल जा चुके हैं। जब पुलिस ने वहां दबाव बढ़ाया तो वे प्रयागराज आ गए।

### चार हजार के लालच में आकर गंवाए थे एक लाख

बेली के रहने वाले हरिकेश कुमार ने 15 अक्तूबर को मम्फोर्डगंज में बैंक ऑफ बड़ौदा से एक लाख निकाले थे। उसी समय एक व्यक्ति हरिकेश से मिला और कहा कि उसे दो लाख 60 हजार जमा करने हैं लेकिन फार्म भरना नहीं आता। हरिकेश फार्म भरने लगे तभी एक अन्य व्यक्ति वहां आया और कहा कि रुपये चोरी के हैं। इसके बाद दोनों हरिकेश को बाहर ले गए। कहा कि यह पैसे दूसरे बैंक में जमा करवा दें तो उसे चार हजार नकद मिलेंगे। लालच में आकर हरिकेश राजी हो गया। उसने बैंक से निकाले एक लाख अपने स्कूटी की डिग्गी में रखे तो जालसाजों ने अपने दो लाख 60 हजार वहीं रख दिए। रास्ते में दोनों उतर गए। कहा कि उन्हें रुपये नहीं जमा करने। वे अपने दो लाख 60 हजार तो ले ही गए, हरिकेश के भी एक लाख उठा ले गए थे।

## नौकरी कर रहे शिक्षकों से ले लिया त्यागपत्र, वेतन न मिलने पर खुलासा, दो क्लर्क निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लिपिकों के अजग-गजब कारनामे की कहानी तो आपने बहुत सुनी होगी लेकिन जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के लिपिकों की करतूत सुनकर आप सन्न रह जाएंगे। जिले के मऊआइमा विकासखंड में सात शिक्षकों के मानव संपदा पोर्टल डाटा से छेड़छाड़ कर उनका त्यागपत्र ले लिया गया। बीएसए ने प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए दो लिपिकों को निलंबित कर दो बीईओ को संयुक्त रूप से जांच सौंपी है। दरअसल मऊआइमा विकासखंड के नगर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सुनीता चौधरी, कंपोजिट विद्यालय सरायबीना के शिक्षक विजय बहादुर यादव, मधुमिता वसु, प्राथमिक विद्यालय सरायभारत के शिक्षक सुतीक्ष्ण प्रकाश, मऊआइमा के एआरपी जगत भारतीय,उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिसेनगंज के प्रवीण शुक्ला का नवंबर का वेतन नहीं आया। साथी शिक्षकों के वेतन आने की जानकारी हुई तो ये शिक्षक परेशान हो गए। पीड़ित शिक्षक वेतन न आने की वजह जानने के लिए कोषागार पहुंचे तो पता चला कि उन्होंने विभाग को त्यागपत्र दे दिया है, जबकि उन्होंने त्यागपत्र दिया ही नहीं। मानव संपदा पोर्टल पर पड़ताल से त्यागपत्र की जानकारी मिली। शिक्षक नेता ब्रजेंद्र सिंह ने बीएसए को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में बीएसए ने वरिष्ठ सहायक, मऊआइमा ऋषि शुक्ला और सहायक सुह्दय पांडेय को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच खंड शिक्षाअधिकारी हंडिया तथा सैदाबाद को संयुक्त रुप से सौंपी है।



## हेलिकॉप्टर से दुल्हन को लेकर घर पहुंचा दूल्हा, देखने वालों की जुटी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्षेत्र के कुंवरपट्टी गांव में बुधवार को दूल्हा हेलिकॉप्टर से अपनी दुल्हन लेकर गांव पहुंचा तो देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान गांव की महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रहीं। विकास खंड उरूवा के कुंवरपट्टी गांव के भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला के भतीजे रोहन की शादी सोरांव के संजय पांडेय की बेटी भूमि के साथ बुधवार को हुई।शादी का कार्यक्रम प्रयागराज के केपी ग्राउंड में रखा गया। रोहन अपनी शादी के लिए हेलिकॉप्टर से शाम के तीन बजे कुंवरपट्टी के सोना भवन से केपी ग्राउंड पहुंचे। बृहस्पतिवार की सुबह वह अपनी दुल्हन को लेकर गांव आए। हेलिकॉप्टर से दूल्हे की बरात जाने और दुल्हन लेकर आना लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा।



## गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड मिस अदवीता का किया गया सम्मान- लखन केशरी

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज** मेजा क्षेत्र नगर पंचायत सिरसा श्री रामप्रताप इंटर कॉलेज सिरसा प्रयागराज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सबसे कम उम्र में मिस अदवीता केशरी छः वर्ष अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराई।

मिस अदवीता के माता का नाम श्रीमती कंचन केशरी और पिता का नाम रूपेश कुमार केशरी हैं, जो प्रयागराज यमुनापार मेजा क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा के निवासी हैं। मिस अदवीता ने वर्ड बुक ऑफ लन्दन लिखिका का अवार्ड मिला है। जोकि इनको ओम बिरला लोक सभा स्पीकर के द्वारा सम्मानित किया गया हैं। मिस अदवीता ने अपने नाम के साथ -साथ पूरे भारत का नाम और अपने क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। मिस अदवीता का एक यूटूथ चैनल इग्लिस कनेक्सस भी चलता है। मिस अदवीता के माता एवं पिता श्रीराम प्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज सिरसा प्रयागराज के छात्र रह चुके हैं। इसी सम्मान में प्रधानाचार्य शिव प्रकाश पाठक के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती रजनी केशरी भावी पत्याशी अध्यक्ष पद नगरपंचायत सिरसा, विपिन कुमार लखन केशरी, धीरज अग्रवाल, राजा सेठ, राजकुमार केशरी और नगरपंचायत सिरसा के सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे और साथ ही साथ विद्यायल के अध्यापकगण और कर्मचारी व छात्र - छात्राओं उपस्थित रहे।

# हिमांचल में कांग्रेस का विजय, भाजपा कुशासन का परिणाम- देवराज उपाध्याय

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** देवनहरी गांव में गुरुवार को हिमांचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के शानदार विजय प्राप्त करने पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता देवराज उपाध्याय की अध्यक्षता में पार्टी नेता एवं कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को एवं हिमांचल प्रदेश के मतदाताओं को बधाइयां दी।

इस अवसर पर देवराज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त थी जिसका परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में जो भी चुनाव, उपचुनाव संपन्न हुए हैं उसमें सिर्फ एक को छोड़कर बाकी सभी जगह के नतीजे भाजपा के विरोध में आए। उन्होंने कहा भाजपा शासनकाल में महंगाई, बेरोजगारी, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का ना होना, किसानों के प्रति उदासीनता, बढ़ती हुई बिजली की दरें, कुकिंग गैस, खाद बीज की महंगाई आदि समस्याओं ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। जिसके परिणामस्वरूप जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। इससे अब यह स्पष्ट हो गया



है कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता पूरी तरह से एकजुट होकर भाजपा शासन को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, जमुना प्रसाद पांडे, दिलीप कुमार दूबे, सलीम टाइगर, विवेक मिश्रा, गिरधारी लाल सरोज, रमेश कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों के कल्याणार्थ शुआट्स एवं एनबीपीजीआर के मध्य हुआ एमओयू

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्व विद्यालय प्रयागराज विगत 112 वर्षों से कृषि शिक्षा, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहा है। शुआट्स वैज्ञानिकों द्वारा विकसित कृषि की नई तकनीकों एवं नवाचार का लाभ प्रदेश एवं देश के किसानों को मिल रहा है। किसानों के कल्याण हेतु विभिन्न फसलों के जर्मप्लास्म के आदान-प्रदान, शुआट्स द्वारा विकसित किस्मों की डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एवं संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये आईसीएआर के नेशनल ब्यूरो आफ प्लान्ट जेनेटिक रिसोर्सेज एवं शुआट्स ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।शुआट्स वैज्ञानिकों ने कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल के मार्गनिर्देशन में विगत दो दशकों में महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं मुख्य फसलों के बीजों का संरक्षण कार्य किया है। शुआट्स द्वारा विकसित गेहू, धान, मक्का एवं अलसी की उन्नत किस्में प्रचलित हो रही हैं। निदेशक शोध डा. शैलेष मारकर ने बताया कि पुरानी देसी बीजों में वातावरण रोगी एवं कीटों तथा उत्तम गुणवत्ता के जीन्स होते हैं जिनका संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है जिससे भविष्य में आने वाली किसी भी आपदा से सामना किया जा सके। विन्ध्यांचल क्षेत्र में परम्परागत खेती, विगत कई वर्षों से की जा रही है जिसमें किसानों द्वारा देशी बीजों का उपयोग किया जाता रहा है। इस क्षेत्र में विभिन्न फसलों के देशी बीजों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए निदेशक शोध डा. शैलेष मारकर एवं उनके सहयोगियों द्वारा विगत 5 वर्षों में 200 देशी किस्मों के बीजों का संग्रह, कैरकटराईजेशन, प्यूरीफिकेशन, मल्टीप्लीकेशन किया गया है एवं इनके जननद्रव्य को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेशनल ब्यूरो आफ प्लान्ट जेनेटिक रिसोर्सेज , नई दिल्ली स्थित कार्यालय में संरक्षित किया गया है। विभागाध्यक्ष जेनेटिक एवं प्लान्ट ब्रीडिंग डा. वैदुर्य प्रताप शाही की पहल पर नेशनल ब्यूरो आफ प्लान्ट जेनेटिक रिसोर्सेज, नई दिल्ली के निदेशक डा. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने शुआट्स का भ्रमण किया और शुआट्स द्वारा किये गये अनुसंधान एवं परम्परागत बीजों के संरक्षण की जानकारी प्राप्त की। शुआट्स द्वारा किसानों के कल्याण के लिये किये गये इन प्रयासों से अभिभूत होकर डा. ज्ञानेन्द्र ने शुआट्स एवं एनबीपीजीआर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये जिससे कि भविष्य में दोनों संस्थानों के बीच विभिन्न फसलों के जर्मप्लास्म का आदान-प्रदान, शुआट्स द्वारा विकसित किस्मों की डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एवं संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा सके।

## रज्जू भैया विश्वविद्यालय के सौजन्य से हुआ खेल प्रतियोगिता,विजेताओं को वितरित किए गए पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** ग्रामीण स्पोर्ट्स क्लब के मैनेजर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद नाइफ की तरफ से गुरुवार को सराय बाहर बाग में खेल का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता के आयोजक ग्राम प्रधान सराय बाहर मनोरमा देवी पत्नी राम गणेश मौर्य रहे। जिसमे लंबी कूद, जूडो, हैमर थ्रो, सहित दर्जनों खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे बालक वर्ग में लंबी दौड़ में मंजीत सरोज प्रथम पुरस्कार व संजय पाल द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में आदर्श ने बाजी मारी। तथा बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान सविता देवी द्वितीय स्थान अर्पिता देवी तथा तृतीय स्थान सिखा देवी रही वही जूडो प्रतियोगिता में शिवम कुमार विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान व द्वितीय




स्थान अनमोल प्रसाद तथा तृतीय स्थान पवन कुमार रहे। वहीं मेंहदी प्रतियोगिता में शिखा भारतीय का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा काबिले तारीफ रहा। रायफल सूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी पटेल द्वितीय स्थान आराधना व तृतीय स्थान रिंकी देवी ने पुरस्कार के हकदार बने।

वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रज्जू भैया विश्व विद्यालय की प्रोफेसर आस्था चंद्रा व वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष ने कहीं कि हम यहाँ दैनिक जीवन में खेल के महत्व पर विभिन्न शब्द सीमाओं में विद्यार्थियों के लिए बहुत से निबंध उपलब्ध करा रहे हैं। आजकल, शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को आमतौर पर निबंध लेखन और पैराग्राफ लेखन का कार्य दिया जाता है। निबंध लेखन किसी भी विषय के बारे में विद्यार्थियों में लेखन क्षमता, कौशल और ज्ञान को बढ़ावा देता है। यहाँ दिए गए खेल के महत्व पर सभी निबंध सरल और आसान वाक्यों का प्रयोग करके लिखे गए हैं। इसलिए, विद्यार्थी इनमें से कोई भी निबंध अपनी जरुरत और आवश्यकता के अनुसार चुन सकते हैं। इस मौके पर प्रधान पति सराय बाहर राम गणेश मौर्य, ग्राम प्रधान हाजीगंज प्रेम सत्यार्थी, खंड विकास अधिकारी सोरांव धीरेंद्र कुमार यादव, मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज के गेम टीचर राजकुमार, केवीएम इंटर कॉलेज के गेम टीचर अली अहमद खान, शीतला प्रसाद, जूडो गेम टीचर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद नाइफ प्रियंका सक्सेना प्रोफेसर रज्जू भैया विश्वविद्यालय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मऊआइमा विकास खंड के मुख्य द्वार पर लगे शिलापट का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के नव निर्मित मुख्य द्वार के शिलापट का लोकार्पण विकास खंड अधिकारी और ब्लाक प्रमुख प्रति निधि ने किया। जिसमें बडी संख्या में बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया।मऊआइमा विकास खंड के मुख्य गेट नव निर्मित भव्य ढंग से किया गया। जिसमें शिलापट लगा लगाया गया। जिसका लोकार्पण विकास खंड अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी एंव ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने किया। शिलापट पर ब्लाक प्रमुख अफसरुन निशां , बीडीओ श्याम नारायण चतुर्वेदी और अवर अभियंता असफाक अहमद अंसारी का नाम खुदा है। इसी प्रकार एक अन्य शिलापट भी लगाया गया। जिसमें सभी 92 बीडीसी सदस्यों का नाम खुदा हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपना नाम गेट पर लगे



शिलापट खुदा देख कर बहुत खुश नजर आए। उनका कहना था कि आज तक किसी ने इतना सम्मान नहीं दिया। ब्लाक प्रमुख अफसरुन निशां पत्नी इम्तियाज समी ने बताया कि एक भव्य प्रधान संघ का भवन का निर्माण जल्द होगा। जिसमें सभी ग्राम प्रधानों का नाम अंकित रहेगा। ताकि ग्राम प्रधान विकास खंड में आ कर इधर उधर न भटकें वह अपने भवन में बैठें। इस लोकार्पण में क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों में लाल चन्द्र मौर्या ,फतेह बहादुर पटेल ,आफताब अहमद ,सलीम अंसारी ,उर्मिला देवी ,गुडिया देवी ,मालती देवी दिलीप सरोज आदि

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकुमार सिंह उम्र 34 वर्ष पुत्र सदाशिव सिंह निवासी 804 /17/22 बेनीगंज थाना करैली जनपद प्रयागराज 03 अक्टूबर 2019 को सुबह 8:00 बजे घर से निकले थे लेकिन वह घर नहीं लौटे राजकुमार सिंह कॉलवन अस्पताल प्रयागराज में कुक की नौकरी करते थे उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी जिसका इलाज चल रहा था उनकी पत्नी हीरामनी ने करेली थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा यदि किसी सज्जन को राजकुमार सिंह के बारे में जानकारी मिले तो नीचे लिखे पते पर जानकारी देने का कष्ट करें।

**सूचनादाता**
**हीरामनी पत्नी राजकुमार सिंह**
**निवासी 804 /17/22 बेनीगंज,**
**थाना करैली जनपद प्रयागराज**

## दुराचार के आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर, चचेरी बहन ने दर्ज कराया था मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर के स्वार थाने में दर्ज प्राथमिकी में रेप के आरोपी की जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा. आरोपी को निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों के साथ बरी किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने सलाउद्दीन की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ चचेरी बहन ने रेप के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। याची 10 सितंबर 2022 से जेल में बंद हैं। आरोप है कि वह उसके संपर्क में था। उसने शादी से मना कर दिया तो उसने प्राथमिकी दर्ज करा दी। याची की ओर से कहा गया कि इसकी कोई मेडिकल रिपोर्ट नहीं है। साथ ही मेडिकल जांच कराने से भी इन्कार कर दिया। कोर्ट ने इन तथ्यों के मद्देनजर याची की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उसे रिहा करने का आदेश

## डेढ़ हजार चयनितों को लगी एक-एक लाख रुपये की चपत, सफल होने के बाद भी नहीं मिला नियुक्ति पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नियुक्ति में विलंब के कारण राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक एवं प्रवक्ता के पदों पर चयनित तकरीबन डेढ़ हजार अभ्यर्थियों को एक-एक लाख रुपये की चपत लग चुकी है। इन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हो चुकी है। एक कार्यक्रम में इन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने हैं, लेकिन शासन स्तर से कार्यक्रम का समय ही निर्धारित नहीं हो पा रहा।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 19 विषयों में जीआईसी प्रवक्ता के 1342 पदों का परिणाम जून- 2022 में दो चरणों में जारी किया था। इसके बाद 10 से 20 अक्तूबर तक चयनित अभ्यर्थियों की ऑनलाइन काउंसलिंग की गई थी।

इसी दौरान एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती-2018 के तहत सात विषयों में वेटिंग लिस्ट के 123 अभ्यर्थियों की भी काउंसलिंग करा दी गई थी। पूर्व की व्यवस्था में अभ्यर्थियों को काउंसलिंग पूरी होते ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाते थे, लेकिन इस बार अभ्यर्थियों से कहा गया कि शासन स्तर पर अलग से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। 30 अक्तूबर तक नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कार्यक्रम निर्धारित नहीं किया जा सका और अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं।राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक यानी एलटी ग्रेड शिक्षक को 64500 रुपये और प्रवक्ता को 67500 रुपये वेतन मिलता है। वेतन नियुक्ति की तिथि से मिलता है। वर्षों तक परीक्षा की तैयारी करने के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन तो हो गया, लेकिन नियुक्ति न मिल पाने के कारण जेब अब भी खाली है।

# ब्लाक प्रमुख के भाई को मारी गोली, गंभीर

## निमार्णाधीन शौचालय को लेकर हुआ विवाद, सांगीपुर के सुजाखार का है मामला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/प्रतापगढ़।** गुरुवार को दोपहर बाद जमीनी विवाद को लेकर सांगीपुर के ब्लाक प्रमुख अषोक सिंह के छोटे भाई संतोष सिंह को निजी रिवाल्वार से गोली मार दी। गोली अधेड़ की जांघ में जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही परिजनों के साथ ही गांव के लोग इकट्ठा हो गए।घायल को परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात नाजुक देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ सीओ भी मौके पर पहुंच गए।



सीएचसी पर जुटी भीड़।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के सुजाखार गांव निवासी शिवेंद्र सिंह मुन्ना पुत्र शिव सहाय सिंह व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह दोनो सगे मौसेरे भाई है। दोनो ही ननिहाल में रहते है। जमीन को लेकर काफी अरसे से दोनो के बीच विवाद चला आ रहा है। गुरुवार को शिवेंद्र घर के बगल शौचालय बनवा रहा था। प्रमुख का छोटा भाई संतोष सिंह (50) पुत्र शिवसागर सिंह उसे रोकने गया, इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद शुरू हो गया। संतोष का आरोप है की उक्त जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उसके बावजूद उस पर जबरिया निर्माण कार्य करा रहे थे।इसी बात को लेकर जब रोका तो शिवेंद्र सिंह ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से मुझ पर फायर कर दिया।रिवाल्वर से निकली गोली संतोष की जांघ में जा लगी।गोली की आवाज सुनते ही अफरातफरी मच गई। परिजनों के साथ ही गांव के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हो गए।घायल संतोष को परिजन आनन - फानन में अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात नाजुक देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।उधर घटना की जानकारी मिलते ही सीओ व थानेदार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस संबंध में पुलिस का कहना है की अभी तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट तोडफोड की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपितो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे क्रास केस दर्ज किया है। नगर पंचायत लालगंज के दीवानी वार्ड के सांगीपुर निवासी मंजू देवी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंजिश को लेकर बीती उन्तीस नंवबर को शाम साढे पांच बजे पडोस के शिवप्रसाद मिश्र पुत्र आदित्य प्रकाश मिश्र व आदित्यप्रकाश मिश्र तथा सपना पत्नी शिवप्रसाद मिश्र उसके घर मे घुस आये। आरोपियो ने बदनीयती से पीडिता का हाथ पकडकर जमीन पर पटक दिया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए घर के सामानो मे तोडफोड भी किया। घटना से पीडिता को गंभीर चोटें आ गयी।

शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले मे कोतवाली पुलिस ने शिव प्रसाद समेत तीन लोगों के खिलाफ छेडछाड व हत्या के प्रयास व तोडफोड आदि धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

## हत्या के प्रयास व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दुकान लगाने के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। रानीगंज कैथौला की सुबरातुल निशा पत्नी पीर मोहम्मद के अनुसार बीते छब्बीस नंवबर की शाम साढे सात बजे स्थानीय बाजार में दुकान लगाने को लेकर गांव के मतीन के पुत्र मोबीन, नदीम व समीर ने उसके पुत्र के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट किया। सिर मे गंभीर चोट लगने से पीड़िता का पुत्र बेहोश हो गया। मामले मे जांच के बाद पुलिस ने मोबीन समेत तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

## दो गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 02 व्यक्तियों को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना संग्रामगढ़ के ग्राम मोहम्मदपुर सोहाग के दयानिधि सरोज पुत्र भगौती सरोज व ग्राम पुरैली मखदूमपुर के अनिल पटेल उर्फ ड्राइवर पुत्र राम किशोर को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा व रंगोली मे सोनी ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित युवोत्सव 2022 के अंतर्गत एमडी पीजी कॉलेज में आज मेहंदी, रंगोली, ऑन स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्टून, कोलॉज, शास्त्रीय नृत्य एवं लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं प्रो पीयूष कांत शर्मा के संयोजन में आयोजित हुईं।



एमडीपीजी कालेज में प्रतियोगिताओ मे पुरस्कृत छात्राओ के साथ प्राचार्य।

प्रतियोगिता एवं उसके परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा नाज प्रथम, खुशी मिश्रा द्वितीय, खुशी तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली में सलोनी सोनी प्रथम, पूनम यादव द्वितीय दिव्यांशी सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। ऑनस्पॉट पेंटिंग में अखिलेंद्र नाथ पटेल प्रथम स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में दीपांजलि प्रथम, मंजू द्वितीय मानसी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्टून में कसक बानो ने बाजी मारी जबकि कोलॉज में स्मिता यादव अव्वल रहीं। शास्त्रीय नृत्य में जान्हवी पांडे को प्रथम, रिया सिंह को तथा सपना पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिताएं प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में संपन्न हुयीं। इस दौरान डॉ अरुण कुमार तिवारी, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ रमेश चंद्र शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# गुजरात की प्रचण्ड जीत से भाजपा में उत्सव जैसा दृष्य

## जमकर हुई नारेबाजी, एक दूसरे का मुंह मीठा कराया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कि गुजरात में बंपर जीत पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। गुजरात में प्रतापगढ़ से अप्रवासी के रूप में गए वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा तथा राम आसरे ताल का विशेष रूप से सम्मान किया गया जिन्होंने गुजरात में प्रतापगढ़ जनपद और आसपास के लोगों को जो गुजरात में रहते हैं एकजुट करने में महती भूमिका निभाई थी। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और विराट व्यक्तित्व की जीत है। एक बार फिर पूरी दुनिया में गुजरात मॉडल का डंका बजेगा। गुजरात चुनाव ने साबित कर दिया है कि मोदी ब्रांड का कोई तोड़ नहीं है। जैसे ही गुजरात में प्रचण्ड बहुमत की खबर लोगो को मिली। वैसे ही



गुजरात में प्रचण्ड जीत से नारेबाजी करते भाजपाई

भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओ नेताओ की भीड़ लग गई। लोगो ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यकर्ताओ का उत्साह इतना था कि वो अब लोकसभा चुनाव में भी इसी तरह की प्रचण्ड विजय की चर्चा करते देखे गये।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक मिश्रा, पूर्व विधायक हरी प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष भाजयुमो अंशुमान सिंह, महामंत्री पवन गौतम अवधेश मिश्रा पंकज मिश्रा साधु दुबे रामजी मिश्रा गजराज सिंह, आशीष तिवारी, अनिल सिंह मनोज सिंह, रामासरे पाल, आशुतोष सिंह ददन रहे।

## अनियंत्रित बस खडड मे पलटी, पांच बाराती घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खडड मे पलट गयी। दुर्घटना मे पांच बाराती घायल हो गये। ट्रामा सेंटर लालगंज में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने घायलो को उनके घर भेज दिया। लालगंज कोतवाली के विरसिंहपुर गांव के बलभद्र का पुरवा निवासी गया प्रसाद के यहां से बुधवार शाम पुरवारा बारात गयी थी। जहां से रात करीब बारह बजे बारातियों को लेकर बस वापस विरसिंहपुर आ रही थी। रास्ते मे पूरे बक्तावर गांव के पास खडी ट्रक से पीछे से टकरा कर बस अनियंत्रित हो गयी और सडक किनारे खडड मे पलट गयी। बस के पलटने से उसमे सवार बारातियो मे चीखपुकार मच गयी। शोर सुनकर गांव के ग्रामीण भी जुट गये। ग्रामीणों के सहयोग से बारातियों को बस से बाहर निकाला गया। हादसे मे पांच बाराती सलोन निवासी आलोक 18, विरसिंहपुर के सचिन 20 व अरूण सरोज 18 तथा जगन्नाथपुर के श्यामबाबू 18 मामूली रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया। यहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद मामूली रूप से घायल सभी को उनके घर भेज दिया। इधर बस के पलटने से यात्रियों के बाल बाल बच जाने से जुटे ग्रामीण व बाराती राहत की सांस लेते भी दिखे। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि अनियंत्रित होकर बस पलट गयी थी। संयोग अच्छा रहा कि पांच लोगों के मामूली रूप से चुटहिल होने के अलावा सभी बाराती सकुशल रहे।

# राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर डीएम ने आधा दर्जन विभागो को लगायी फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्टेज्ट के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्टेज्शन, बाट-माप, वन, मण्डी, वाणिज्य कर सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की।

परिवहन विभाग की समीक्षा में एआरटीओ द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व की वसूली सुनिश्चित न किये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते उन्हें फटकार लगायी और निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लायी जाये। उन्होने एआरटीओ को यह भी निर्देश दिया कि ओवरलोड गाड़िया कितनी सीज हुई है और उन पर क्या कार्यवाही की गयी, अवैध वाहनों पर क्या कार्यवाही की गयी इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायें तथा फील्ड में निकलकर भ्रमण भी करें, प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये लापरवाही कदापि न करें। इसी प्रकार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी विभाग, वाणिज्य विभाग, विद्युत विभाग की समीक्षा में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जिला आबकारी अधिकारी व वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि विभागीय लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरते। जिलाधिकारी ने परिवहन, वाणिज्य एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को प्रर्वतन की कार्रवाई में तेजी लाते हुये लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली



अधिकारियो की बैठक में समीक्षा करते डीएम।

सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। मण्डी समितियों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा में राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगी। वन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने वन विभाग की ओर से बैठक में प्रतिभाग कर रहे रेन्जर लालगंज से जनपद में पेड़ों के अवैध कटानों की स्थिति, आरा मशीनों की संख्या तथा कितने अवैध आरा मशीनों पर वन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी की जानकारी प्राप्त की लेकिन उनके द्वारा समुचित उत्तर नही दिया गया जिस पर समुचित रिपोर्ट देने के लिये निर्देशित किया गया। चकबन्दी विभाग की समीक्षा के समय एसओसी चकबन्दी द्वारा बताया गया कि 15 गांवों में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, जिलाधिकारी ने ग्रामवार चकबन्दी प्रक्रिया की समीक्षा की और सचेत किया कि यदि किसी गांव में प्रायोजित ढंग से चकबन्दी प्रक्रिया का विरोध किया जा रहा है तो उपजिलाधिकारी एवं सीओ चकबन्दी स्वयं गांव में बैठक कर सही वस्तु स्थिति से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चकबन्दी प्रक्रिया जिन गांवों में चल रही है उसे नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान चकबन्दी विभाग के बुकलेट के डाटा को अपडेट न किये जाने पर जिलाधिकारी ने एस0ओ0सी0 चकबन्दी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि बैठक से पूर्व सभी डाटा को दुरूस्त कर ही बुकलेट प्रस्तुत करें इसमें लापरवाही न बरते। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन दुकानदारों को आरसी जारी की गयी है उनसे वसूली की कार्यवाही की जाये। खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वाले दुकानदारों को नोटिस दी जाये। इसके अलावा खनन विभाग, बाटमाप विभाग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विष्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल सहित समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

# चकबंदी विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओ ने सौपां डीएम को ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले मे चकबंदी विभाग तथा न्यायालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दूसरे दिन भी वकीलों ने कलेक्टेज्ट मे विरोध प्रदर्शन जारी रखा। रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियो ने कचेहरी मे बैठक कर चकबंदी विभाग के सहायक चकबंदी अधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी तथा लेखपाल व कानूनगो एवं चकबदीं अधिकारी सदर पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीएम से जांच की मांग उठाई। इसके बाद अधिवक्ताओं का जत्था एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर ओझा मुक्कू की अगुवाई मे डीएम कैम्प कार्यालय चकबंदी विभाग के खिलाफ नारेबाजी करता मार्च किया। कैम्प कार्यालय पर सैकडो वकीलो का



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते अधिवक्तागण।

जमावडा देख सीआरओ तथा सीओ सिटी वहां पहुंचे लेकिन वकील डीएम से मिलने की जिद पर अडे रहे। सूचना पाकर जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल बैठक कक्ष से बाहर आये और अधिवक्ताओं का ज्ञापन लेकर समस्याओ के समाधान का भरोसा दिलाया। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम को चकबंदी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियो के मनमानी कार्यो की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने डीएम से कहा कि अधिवक्ताओं की लडाई वादकारियो को इन कार्यालयों व चकबंदी न्यायालय मे उत्पीडित करने को लेकर है। इस मौके पर डीएम के साथ सीडीओ ईशा प्रिया भी मौजूद रही। इधर विरोध प्रदर्शन की अगुवाई जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इस मौके पर जूबाए के उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, द्वारिका प्रसाद मिश्र, पूर्व उपाध्यक्ष दीनदयाल पाण्डेय, विवेक त्रिपाठी, विनय शुक्ल, विपिन शुक्ल, संदीप उपाध्याय, हरिशंकर आदि रहे। इधर गुरूवार को चकबंदी कार्यालय मे ताला बंद देख फरियादी व वादकारी भी मायूस होकर लौट गये।

# व्यावसायिक मत्स्य पालन के प्रशिक्षण में प्रशिक्षित हुए किसान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू अवधेशपुरम द्वारा आयोजित 5 दिवसीय व्यावसायिक मत्स्य पालन का प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के चयनित 25 मत्स्य पालकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में मत्स्य पालन तकनीकी और स्वच्छ जल प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



किसानो को जानकारी देते वैज्ञानिकगण।

प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश सिंह ने मत्स्य पालको को मत्स्य पालन की सम्पूर्ण जानकारी जैसे तालाब की सफाई कैसे करें, अवांछनीय मछलियों को तालाब से कैसे निकाला जाय, जलीय पोधों का उन्मूलन व जलीय कीड़ों का नियंत्रण, मछलियों का भोजन प्रबन्धन तथा उचित संख्या में मछलियों का पालन, मछलियों में लगने वाले प्रमुख रोग-बीमारियों एवं मत्स्य प्रजनन तथा उनकी निकासी आदि के बारे में विस्तार से बताया और साथ ही इन क्रियाओं को परिषर में बने तालाब में करके दिखाया गया। पशु चिकित्सक डा0 अमित बरनवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि किसान मिश्रित मछली पालन की तकनीक अपनाकर सामान्य के मुकाबले 5 गुना ज्यादा मछलियों का उत्पादन कर सकते है।. इस तकनीक के तहत एक तालाब में अलग-अलग मछलियां पाली जाती हैं। तालाब में मछलियों के लिए पर्याप्त भोजन होना चाहिए. सही मात्रा में भोजन नहीं होने की स्थिति में मछलियों का जीवित रहना मुश्किल हो जाता है तालाब में पानी के निकास की व्यवस्था भी सही होनी चाहिए जिससे बारिश के पानी से मछलियों को नुकसान नहीं पहुंचता है। इसके अलावा मत्स्य पालन के साथ-साथ गाय व भैस पालन, सूकर पालन, बत्तख पालन भी कर सकते हैं इससे अतिरिक्त आय होगी तथा मछलियों के भोजन प्रबन्ध के लागत में भी कमी आयेगी। मछली पालन का व्यसाय अपनाने से भू जल स्तर को भी बरकरार रखा जा सकता है।

समापन के अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने मत्स्य पालाकों को प्रेरित किया कि वे मत्स्य पालन को अपनाकर मछली का उत्पादन बढ़ायें और देश की मुख्य धारा से जुडकर अपने जनपद को मत्स्य पालन में अग्रणी बनाकर अपनी व देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करे। पछली पालन के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, भाष्कर शुक्ला, डा0 अवधेश सिंह, डा0 अमित बरनवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, राम चन्द्र जुगुल किशोर तिवारी, रविशंकर, जी0 आर0 पटेल तथा प्रशिक्षार्थियों में हरिकेश कुमार, निखिल कुमार, राजेश यादव, विनोद कुमार, रामकिशोर, राहुल, अनिल, नीरज सरोज, इन्द्रसेन आदि लोग उपस्थित रहे।

# वर्दी पर सिपाही ने लगाया दाग आधी रात को अय्याशी करते पकड़ा गया सिपाही

## परिजनों ने पुलिस को दी सूचना महिलाओं समेत परिजनों पर पुलिस ने चटकाई लाठियां

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आधी रात को महिला के घर में घुसकर अय्याशी कर रहे सिपाही के पकड़े जाने के बाद सिपाही पर कार्यवाही करने के बजाय कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने महिला के परिजनों को लाठियों से पीट दिया है।

आधी रात को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर महिला पुरुषों को पीटा है वीडियो बना रहे परिजनों के कई मोबाइल पुलिस ने छीन लिया है और सबूत डिलीट करा दिया है महिला के परिवार के तीन लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर कोतवाली लाई और हवालात में डाल दिया है दोपहर बाद परिजनों को पुलिस ने शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है मामला कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के हब्बू नगर गांव का है।

बताया जाता है कि बीते कई महीने से कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र का एक सिपाही अपने वाहन को कोतवाली में खड़ा कर हब्बू नगर गांव प्रतिदिन पहुंच जाता है और एक महिला के घर घुसकर पूरी रात अय्याशी करता है इस बात की जानकारी महिला के परिजनों को लगी उन्होंने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी और महिला के घर में अय्याशी करने पहुँचे सिपाही को को परिजनों ने मौके से रंगे हाथ पकड़ लिया जिस कमरे में महिला के साथ सिपाही अय्यासी कर रहा था उस कमरे के बाहर परिजनों ने कुंडी लगा ली जिससे दोनों भाग ना सके और मामले की सूचना हब्बू नगर चौकी पुलिस को दी आधी रात को मौके पर हब्बू नगर चौकी पुलिस पहुंची और उन्होंने पूरे प्रकरण की जानकारी कड़ा धाम कोतवाल को दिया आधी रात को भारी पुलिस फोर्स के साथ कोतवाल घटनास्थल पर पहुंच गए महिला के घर के अंदर से अय्याशी कर रहे सिपाही को पुलिस पकड़ कर बाहर लेकर आई उस समय सिपाही ने अपने मुंह में कपड़ा लपेट लिया था मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की करतूत का वीडियो बनाना शुरू कर दिया लेकिन इसी बीच कोतवाल की ब्रेजा गाड़ी में बैठाकर आरोपी सिपाही को वहां से कोतवाली पुलिस ले आई मौके पर मौजूद महिला पुरुषों पर पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पुलिस ने पीटा और इसी बीच वीडियो बना रहे तीन लोगों को पुलिस पकड़कर कोतवाली लाई वीडियो बना रहे लोगों के तीन मोबाइल को पुलिस ने छीन लिया पुलिस के वीडियो के सबूत डिलीट करा दिया।

मौके से पकड़े गए तीनों लोगों को पुलिस ने हवालात में डाल दिया इसके बाद फिर भारी पुलिस फोर्स गांव पहुंची और अन्य पुरुष महिलाओं की तलाश करने में रात भर पुलिस दबिश देती रही लेकिन लोग इधर उधर भाग कर जान बचाते रहे पकड़े गए परिजनों को पुलिस ने दोपहर बाद शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है अय्याशी कर रहे सिपाही पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो सकी है अय्यास सिपाही को बचाने के लिए महकमे के लोग उतर आए हैं और पीड़ित परिजनों की जुबान बंद करने पर लगे हुए हैं योगीराज में पुलिसिया अत्याचार का एक नमूना फिर सामने देखने को मिला है खाकी वर्दी को शर्मसार करने वाले सिपाही को बचाने में कड़ा धाम कोतवाली पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है इस प्रकरण में शासन प्रशासन ने जांच कराई तो अय्याशी करने वाले सिपाही पर मुकदमा दर्ज होने के साथ-साथ कड़ा धाम पुलिस पर भी कठोर कार्यवाही होना तय है।

### अय्याशी कर रहे सिपाही पर कार्यवाही करने के बजाए परिजनों को पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान



वारदात की जानकारी मिलने के बाद आधी रात को गांव पहुंची पुलिस।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट मुकदमा के अभियुक्त तुच्ची उर्फ फूलचन्द्र पुत्र रामदुलारे निवासी गरहा खास थाना किशुनपुर जनपद फतेहपुर को न्यायालय एडीजे - 07/स्पेशल जज पाक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 38 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड अदा न करने पर 09 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# अभियुक्त को सुनाई गई पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट मुकदमा के अभियुक्त पप्पू पासी पुत्र छोटे लाल निवासी मनौरी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 05 वर्ष कठोर कारावास तथा 5,000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड अदा न करने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त को कठोर कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के देवरी में 14 अप्रैल 2015 को बदानी पासी ग्राम देवरी थाना पश्चिम शरीरा को पानी के विवाद में दो व्यक्तियों द्वारा जान से मारने के नियत से कुल्हाड़ी से हमला किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना पश्चिम शरीरा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था 08 दिसंबर 2022 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित दो अभियुक्तों पप्पू पुत्र नथन पासी इन्द्रलेश पुत्र नथन पासी निवासीगण देवरी थाना पश्चिम शरीरा को न्यायालय एडीजे 06 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 05-05 वर्ष कठोर कारावास तथा 40-40 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त छिद्दु लोद पुत्र स्व0 त्रिलोकी निवासी मोगरी कड़ा मोहबतपुर पइसा को 1300 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी कोरियो थाना सैनी को 350 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



सामूहिक विवाह के लिए सजाया जा रहा पांडाल।

# सामूहिक विवाह की तैयारी पूर्ण शादी के बंधन में बंधेगे 653 जोड़ें

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सामूहिक विवाह की तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली है कृषि उत्पादन मंडी परिषद ओसा के मैदान में प्रशासन की ओर से विशाल पंडाल लगाए गए हैं अभी तक सामूहिक विवाह में शादी करने के लिए 653 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया है शुक्रवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 653 जोड़ों की धर्म के अनुसार विधि विधान से प्रशासन द्वारा शादी संपन्न कराई जाएगी सामूहिक विवाह शादी के बाद विवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से निर्धारित अनुदान और जेवर बर्तन कपड़ा बिस्तर आदि सामान भी उपहार में दिया जाएगा उक्त जानकारी प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी ने दी है सामूहिक विवाह शादी कार्यक्रम में विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने एमसीडी में प्रचंड जीत का मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** आम आदमी पार्टी द्वारा एमसीडी चुनाव में बंपर वोटो से और प्रचंड बहुमत से सीटों को जीतने पर कौशांबी में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया आप पार्टी ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहलाने वाली भाजपा को एमसीडी चुनाव में शिकस्त देकर अपना परचम लहराया है इसी खुशी में जनपद कौशांबी के पार्टी कार्यकताओं द्वारा बड़े जोर शोर से शमशाबाद ग्राम सभा में सिराथू विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विष्णु कुमार जयसवाल के आवास पर पहुंचकर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई इस खुशी में विधानसभा प्रभारी जितेंद्र चौरसिया ने कहा कि पार्टी का विजय भाजपा के एमसीडी में भ्रष्टाचार पर एक इमानदार नई सरकार की विजय है इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह पाल ने एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रचंड जीत काम के विकास की प्रचंड जीत बताया।

पार्टी जिला उपाध्यक्ष सूरज बली शाक्य के द्वारा भी इस अवसर पर मुंह मीठा कराया गया । इस अवसर पर सभी कार्यकताओं ने एक जुलूस निकाल कर के खुशियां व्यक्त की स्कूली बच्चों को भी मुंह मीठा कराया गया अपने आवास पर सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा यह जीत पार्टी के समस्त कार्यकताओं की मेहनत और पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के कुशल ईमानदार आम आदमी के हित में कार्यशैली की जीत है इस अवसर पर सिराथू नगर अध्यक्ष शमशाद अहमद, सिराथू वार्ड प्रभारी अजय कुमार, कृष्णा देवी, अनीता देवी, सीता देवी, राजेश कुमार यादव, छोटू यादव, राम भवन यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता तमाम महिलाओं और पुरुषो ने पार्टी की जीत में खुशियां मनाया।



जश्न मनाते आम आदमी पार्टी के नेता।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन 12 दिसम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 सिराथू के0के0 राम ने अवगत कराया है कि दिनांक 12.12.2022 को आई0टी0आई0 सिराथू में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पी0एम0एन0ए0एम0) का आयोजन किया जायेंगा, मेले में अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर उसका लाभ उठायें।

# हिंदु प्रतीकों पर अतिक्रमण के खिलाफ जिले में होगा आन्दोलन: अवधेश नारायण शुक्ला

## संगठन ने जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 5 सूत्री ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में विभिन्न स्थानों पर हिंदू धार्मिक प्रतीकों पर अतिक्रमण किया जा रहा है बार-बार चेतावनी के बाद भी जिला प्रशासन प्रतीकों का संरक्षण नहीं कर रहा है। जिस तरीके से कड़ा के ऐतिहासिक जयचंद किले पर अवैध रूप से नई मजारों का निर्माण किया जा रहा है। वही पूरी तरह से मंझनपुर तहसील परिसर के अंदर भी अवैध रूप से एक मजार को निर्माण कर लिया गया है हिंदू जागरण मंच इसका विरोध और इसे तत्काल हटाने की मांग करता है उक्त बातें जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने गुरुवार को मुख्य मंत्री के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए कही।

इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन उनकी मांगों को 15 दिन के अंदर नही पूरी करता है तो बड़ा आंदोलन होगा इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा जिसमे कड़ा धाम स्थित राजा जयचंद के किले में अवैध रूप से नई कमरों की तामीर की गई है जो कि पूरी तरह से अवैध है और सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नियत से है इसे तत्काल हटाया जाने मुख्यालय मंझनपुर तहसील परिसर में विगत 5 वर्षो के अंदर अवैध रूप से एक मजार का निर्माण किया गया है। जहां पर दिन भर झाड़-फूंक के नाम पर दर्जनों अनपढ़ लोगों को अंधविश्वास के नाम पर ठगा जाता है। इसे तत्काल तहसील परिसर से हटाया जाने की मांग किया ज्ञापन को सौंपते हुए उन्होंने मंझनपुर तहसील के मजार तथा राजा जयचंद के किले में बने मजारों मस्जिद जिनका भी लोगों में उल्लेख नहीं है। उनके हटाए जाने की मांग करते हुए इसे पूरी तरह से हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ बताया इस मौके पर उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर जिला प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करता तो संगठन इसे हिंदू प्रतीक चिन्हों के खिलाफ प्रशासनिक उदासीनता मानते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी होगी इस मौके पर प्रमुख रूप से अवधेश नारायण, यशवंत सिंह यादव, यदुनंदन सिंह, वेद प्रकाश सत्यार्थी, सोनू भारतीय, शिखर मिश्रा, राजू पासी, रामकरण, सोनू, करण सिंह, संजय कुमार राजपूत, अनुराग भट्ट, राजकरण, दीपक मौर्य, यश राज मिश्रा, प्रांजल कुमार, राजेश कुमार मौर्य, दिलीप सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### धार्मिक प्रतीकों के संरक्षण में उदासीनता से भड़का हिंदू जागरण मंच



ज्ञापन सौंपते हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी।

# दबंगई की हद सरकार से मुआवजा भी ले लिया अब नहीं गिरने दे रहे घर

## एक व्यक्ति के दबंगई के चलतेप राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण का कार्य बाधित

**अखंड भारत संदेश**

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था की सख्ती के बाद भी आतंक अत्याचार और दबंगई करने वाले लोगों के मंसूबे कमजोर नहीं हो रहे हैं दबंगई करने के आदी हो चुके लोग अपनी दबंगई से पूरे समाज को प्रताड़ित कर रहे हैं इसी तरह का एक मामला सिराथू तहसील के टेड़ीमोड अंदावा चौराहे का सामने आया है जहां दबंग के आतंक से आम जनमानस परेशान हैं वहीं सरकार भी दबंग के सामने लाचार दिखाई पड़ रही है। बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क के चौड़ीकरण का काम राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है सड़क चौड़ीकरण में जो पुराने मकान बाधक बन रहे हैं उनके स्वामियों को सरकार ने मुआवजा दे दिया है और मकान तोड़ कर सड़क में मिलाना शुरू कर दिया है गुरुवार को को एनएचआई का काम चल रहा था जिस पर जुबैर अहमद का परिवार सड़क पर बैठ कर काम रोक दिया। इस पर काम कर रहे कर्मचारियो ने अपने उच्च अधिकारियो को बताया तो एनएचआई के मैनेजर पवन सिंह ने मौकेपर पहुंचकर समस्या का हल निकाला मैनेजर ने कहा कि बीच सड़क से 30 मीटर लिया गया है जिसका मुआवजा भी दिया जा चुका है ऐसे में यदि कब्जा नहीं हटाता है एक भी मकान नहीं बचेंगे सभी को तोड़ा जायेगा सभी अपना अपना मकान गिरा ले अन्यथा एनएचआई की जेसीबी से मकान गिरा दिया जायेगा जिस पर होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं मकान मलिक की होंगी। टेढ़ीमोड़ चौराहा के दुर्गेश जायसवाल एनएचआई से मुआवजा लेने के बावजूद अपना मकान नहीं गिरा रहा है जिस पर मैनेजर ने मकान गिराने को कहा लेकिन मकान मालिक द्वारा मकान नही गिराया गया है जुबैर अहमद पुत्र इनायत उल्ला का परिवार काम रुकवाने के बाद इस बात पर सहमत हो गया हम मकान गिराएंगे पवन सिंह मैनेजर के कहने पर परिवार ने मान लिया।



सड़क पर अवरोध करते भवन स्वामी।

# कुर्की भी हो गई लेकिन नहीं गिरफ्तार हुए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी

## सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बाद पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़िता के पिता ने खटखटाया अदालत का दरवाजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के लौगावा गांव की एक नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है थाना पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अभिलेखों में नहीं दर्ज किया पीड़िता के पिता अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाते रहे लेकिन पुलिस की चौखट से उन्हें न्याय नहीं मिला सामूहिक दुष्कर्म की घटना में थाना पुलिस लगातार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही थी बालिका के परिजनों ने अदालत में परिवाद दाखिल कर घटना का बयान दर्ज कराया उसके बाद अदालत में गवाहों का भी बयान दर्ज हुआ जिस पर आरोपियों को जरिए समन अदालत ने तलब किया लेकिन सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुए फिर अदालत की कार्यवाही के दौरान आरोपियों के विरुद्ध कई बार जमानती वारंट और फिर कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया लेकिन उसके बाद भी अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी अभियुक्तों को हाजिर होने के लिए अदालत ने धारा 82 के तहत पुलिस को मुनादी करने का भी निर्देश दिया लेकिन अभियुक्त अदालत में हाजिर नहीं हुए अदालत ने अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की करने का आदेश थाना पुलिस को दिया पुलिस ने अभियुक्तों के घर कुर्की की कार्यवाही कर दी हालांकि कुर्की के पहले ही अभियुक्तों को भनक लग गई और पुलिस की कुर्की के पहले परिजनों ने घर से सामान हटा दिया पुलिस द्वारा घर से कुछ सामान कुर्क किया गया जो कुर्की महज औपचारिकता बनकर रह गई उसके बाद भी अभियुक्तों को पुलिस नहीं खोज सकी हैं पुलिस को चकमा देकर सामूहिक दुष्कर्म के अभियुक्त फरार बताए जाते हैं पीड़ित बालिका के पिता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित करने की मांग की है अदालत के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने के बाद तत्कालीन थानेदार की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं आखिर उन्होंने इतने गंभीर अपराध को क्यों नहीं दर्ज किया है तत्कालीन थानेदार के कारनामे पर यदि आलाधिकारियों ने जांच कराई तो तत्कालीन थानेदार पर कठोर कार्यवाही भी तय है।




# फिल्मी स्टाइल में बाइक सवार बदमाशो ने दिन दहाड़े कार चालक को मारपीट कर लूट ली कार

### लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मंझनपुर भरवारी मार्ग पर दो बाइक में सवार चार बदमाशो ने फिल्मी स्टाइल में जायलो कार चालक को मारपीट कर जाइलो कार को लूट कर फरार हो गए,लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।कार लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी मच गई,सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा पेट्रोल पंप के सामने रामपुर सुहेला गांव के रामबाबू के साले को रोक कर बाइक सवार बदमाशो ने जायलो कार को लूट कर फरार हो गए।पीड़ित प्रदीप ने बताया की बदमाशो ने पहले उसकी कार वढ 73ए 8376 के आगे बाइक को गिरा दिया और उसको मारने पीटने लगे,मारने पीटने के बाद उन्होंने कार की चाभी खींच ली और कार लेकर फरार हो गए।

कार की लूट की घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कार की लूट की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया, कार मालिक ग्रामीणों के साथ पहुंचे और पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग चेक की और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई।



सीसीटीवी कैमरा चेक करती पुलिस।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायअकिल पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शंकरलाल पुत्र राम चंद्र निवासी चौपुरवा थाना सराय अंकित को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र कन्हैया लाल निवासी केसारी थाना सैनी को ग्राम केसारी से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

संपादकीय

## काबुल: भारत नई पहल करे

**पिछले** साल काबुल पर तालिबान का कब्जा होते ही भारत सरकार बिल्कुल हतप्रभ हो गई थी। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? हमारे विदेश मंत्री ने कहा था कि हम बैठे हैं और देख रहे हैं। उसी समय मैंने तालिबान के कब्जे के एक-दो दिन पहले ही लिखा था कि भारत सरकार को अत्यंत सतर्क रहने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि हमारे कुछ अनुभवी अफसरों की पहल पर भारत सरकार ने ठीक रास्ता पकड़ लिया। उसने दोहा (कतर) में स्थित तालिबानी तत्वों से संपर्क बढ़ाया। अफगानिस्तान को हजारों टन गेहूं और दवाइयां भेजने की घोषणा की और तालिबान सरकार से भी संवाद किया। काबुल स्थित अपने दूतावास को भी सक्रिय कर दिया। उधर, तालिबान नेताओं और प्रवक्ता ने भारत की मदद का आभार माना, हालांकि भारत सरकार ने उनकी सरकार को मान्यता नहीं दी है। इस बीच इस साल जनवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य एशिया के पांचों गणतंत्रों के मुखियाओं के साथ सीधा संवाद भी कायम किया था। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में अफगानिस्तान के बारे में भारत की चिंता को व्यक्त किया था। अफगानिस्तान में आतंकवादी शक्तियां अब ज्यादा सक्रिय न हो जाएं, इस दृष्टि से भारत ने कई पड़ोसी देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन भी किया था लेकिन हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल बधाई के पात्र हैं कि जिन्होंने नई दिल्ली में परसों पांचों मध्य एशिया राष्ट्रों- तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किरगिजिस्तान के सुरक्षा सलाहकारों का पहला सम्मेलन आयोजित किया।

इस सम्मेलन में मुख्य विषय यही था कि अफगानिस्तान को आतंकवाद का अड्डा बनने से कैसे रोका जाए? पाकिस्तान के ज्यादातर आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान के कबाइली इलाकों से अपना जाल फैलाते हैं। न पाकिस्तान और न ही अफगान सरकार उन पर काबू कर पाती है। उनकी शक्ति का असली स्रोत वह पैसा ही है, जो इस्लामी देशों से आता है और अफीम की खेती है। सभी सुरक्षा सलाहकारों ने इन स्रोतों पर कड़ी रोक लगाने की घोषणा की है। सभी प्रतिनिधियों ने तालिबान सरकार से मांग की है कि वह इन आतंकियों को किसी भी तरह की सुविधा न लेने दे।

## सत्य की शक्ति सदैव समर्थ

**संजीव**

**यह** तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित "सत्यमेव जयते" आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा।

# नये भारत से नये विश्व की प्रेरणा देने का अवसर

**भारत** के लिये एक शुभ एवं श्रेयस्कर घटना है इसी एक दिसंबर को जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता संभालना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। गुजरात विधानसभा में शानदार प्रदर्शन के साथ मोदी सरकार इस दायित्व को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिये काफी गंभीर दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से जी-20 जैसे विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के संस्थान का नेतृत्व करना देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। यह एक ऐतिहासिक दायित्व भी है, स्वयं को साबित करने एवं कुछ अनूठा एवं विलक्षण कर दिखाने का दुर्लभ अवसर भी है। समूचे राष्ट्र को इसे भारत के अभ्युदय के रूप में देखते हुए इन उजालों का स्वागत करना चाहिए। विश्व की राजनीति, आर्थिक एवं सामरिक नीतियों, पर्यावरण एवं प्रकृति, युद्ध एवं आतंकवाद की स्थितियों, अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों, आपसी संबंधों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक भूमिका का भार जी-20 के कंधों पर है। मूलतः यह संस्थान बदलती विश्व व्यवस्था के संदर्भ में संकटों से लड़ने के लिए बनाया गया एक अनूठा मंच है। इस मंच को प्रभावी एवं तेजस्वी बनाकर दुनिया की अनेक विषम एवं विकट समस्याओं का समाधान किया जा सकता। विशेषतः युद्ध एवं आतंकवाद मुक्त विश्व की संरचना का दायित्व निभाना इसकी प्राथमिकता होनी चाहिये। इस दायित्व को सफलतापूर्वक संचालित करने में भारत समर्थ भी है एवं परिपक्व भी। मोदी ने अपने शासन में ऐसी क्षमताओं का विकास किया है। भारत जी-20 की मेजबानी को लेकर तत्पर भी है, उत्साही भी है। मोदी युग में भारतीय विदेश नीति की बड़ी विशेषता यह रही है कि भारत विश्व के सामने मांगने की मुद्रा में न होकर कुछ देने की मुद्रा में रहा है। कोरोना महासंकट के समय भारत ने दुनिया को राहत पहुंचाई है। भारत एक नयी ऊर्जा के साथ दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिये स्वयं को प्रस्तुत कर रहा है। भारत ने विश्व में सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरायमाः के साथ वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र से समस्त विश्व को सुखमय बनाने के लिये विश्वमैत्री, विश्व ऐक्य एवं विश्व शांति को अनिवार्य माना है, उसकी इस व्यापक सोच एवं दर्शन से जी-20 की अध्यक्षता को बल मिलेगा। जी-20 की अध्यक्षता लेकर मोदी सरकार बहुत गंभीर है, वह इस अवसर को सौभाग्य में बदलने के लिये तत्पर है, इस बात का पता पिछले दिनों इसे लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से भी चलता है और उन तैयारियों से भी जो देश के विभिन्न स्थानों पर हो रही हैं। भारत के हौसले बुलंद तो हैं, तैयारियां भी भरपूर की जा रही है, लेकिन यह अवसर शुभता के साथ चुनौतीपूर्ण भी है। कोरोना महामारी के बाद बिगड़ी विश्व की अर्थ-व्यवस्था एवं रूस-यूक्रेन युद्ध से बने संकटपूर्ण हालातों में जी-20 का दायित्व ओढ़ना साहस का कार्य है। निश्चित ही विश्वस्तर पर आगामी एक साल कठिनाइयों भरा रहेगा क्योंकि महाशक्तियों के आपस में टकराने एवं विश्व-युद्ध की संभावनाओं से इंकार करना भारी भूल होगी। एशिया में चीन के आक्रामक तेवर, बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों में सामाजिक एवं राजनीतिक उथलपुथल जैसे संकटों ने जी-20 को एक हो जाओ या नष्ट हो जाओ की दुविधा के सामने लाकर खड़ा कर किया है।



> कोरोना महामारी के बाद बिगड़ी विश्व की अर्थ-व्यवस्था एवं रूस-यूक्रेन युद्ध से बने संकटपूर्ण हालातों में जी-20 का दायित्व ओढ़ना साहस का कार्य है। निश्चित ही विश्वस्तर पर आगामी एक साल कठिनाइयों भरा रहेगा क्योंकि महाशक्तियों के आपस में टकराने एवं विश्व-युद्ध की संभावनाओं से इंकार करना भारी भूल होगी। एशिया में चीन के आक्रामक तेवर, बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों में सामाजिक एवं राजनीतिक उथलपुथल जैसे संकटों ने जी-20 को एक हो जाओ या नष्ट हो जाओ की दुविधा के सामने लाकर खड़ा कर किया है

लेकिन भारतीय मनीषा एवं मोदी की नेतृत्व क्षमताओं पर भरोसा करते हुए देखें तो इन जटिल से जटिलतर होते हालातों के बीच एक रोशनी का प्रस्फुटन होना निश्चित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं एवं कार्य-कौशल ने दुनिया को चौकाया है, भारत को सशक्त बनाया है। उनकी सादगी, ईमानदारी, विजन, काम को अंजाम देने पर फोकस, दृढ़ संकल्प, लचीलापन और इन सबसे बढ़कर उनके सामाजिक, आर्थिक और कल्याणकारी एजेंडे ने हमेशा एक नये विश्वास को जन्म दिया है। भारत को एक वैश्विक महाशक्ति बनाने की उनकी आकांक्षा से भी दुनिया भाव विभोर है। भारत को लोकतंत्र, सहिष्णुता, कौशल और उद्यमिता वर्ग का सदैव लाभ मिलता आया है। संप्रति भारत में विश्व की सबसे अनुकूल जनसांख्यिकी वास करती है, जहां देश की 25 प्रतिशत से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम आयु वालों की है। कई वैश्विक कारक भी भारत के अनुकूल हैं। मसलन पूंजी की प्रचुरता, कम ब्याज दर, बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा विनिर्माण के लिए चीन का विकल्प तलाशना। ऐसी अनुकूल परिस्थितियों में भारत को एक उत्प्रेरक की आवश्यकता थी। इतिहास के इस अहम पड़ाव पर प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही उत्प्रेरक हैं, जिनकी भारत को हमेशा से दरकार थी। वह दृढ़निश्चयी हैं, राजनीतिक रूप से कुशाग्र हैं और उनका नजरिया दीर्घकालिक है। वह निर्भीक हैं और बड़े फैसले लेने में बिल्कुल नहीं हिचकते, भले ही वे कुछ समय के अलोकप्रिय ही क्यों न हों। वह समय की भूमिका के साथ-साथ लोगों द्वारा परिवर्तन को स्वीकार करने की चुनौती को भी समझते हैं। मोदी की ये विशेषताएं एवं भारत के जी-20 के नेतृत्व को निश्चित ही एक नया आयाम देगी। विश्व व्यवस्था के संदर्भ में संकटों से लड़ने के लिए बनाया गया जी-20 एक अनूठा मंच है। इसकी सफलता पर ही धरती के सभी निवासियों का कल्याण निर्भर है। इसका आभास बाली शिखर बैठक में भारतीय कूटनीति ने विरोधी गुटों को एक मंच पर लाने में सफलता अर्जित करके दिया। अमेरिकी सरकार ने बाली संयुक्त घोषणा पत्र का श्रेय भारत की महत्वपूर्ण भूमिका और विरोधी खेमों में बंटे विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अहम रिश्तों को दिया। जी 20 भारत समेत ब्राजील, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, सऊदी अरब और अर्जेंटीना जैसी उभरती शक्तियों का संगठन है। इन राष्ट्रों को संयुक्त राष्ट्र में उचित सम्मान नहीं मिल पाता। लेकिन इन बड़े विकासशील देशों को वैश्विक शासन में भागीदार बनने का अवसर जी-20 के माध्यम से ही मिल रहा है, इसलिये यह एक शक्तिमान एवं बड़ा वैश्विक संगठन है। मोदी के नेतृत्व में इस संगठन की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता बढ़ने के साथ यह दुनिया को एक नयी दृष्टि एवं नयी दिशा देने का माध्यम बनेगा। यह सर्वविदित है कि वर्तमान हालातों में वैश्विक कूटनीति डांवाडोल है। ऐसी स्थिति में भारत सभी देशों से बीच पहले से ही एक सेतु का काम तो कर ही रहा है, अब वह वैश्विक समस्याओं के निवारण का रास्ता दिखाकर जी-20 को सम्मान और दुनिया की अपेक्षाओं का संरक्षण भी कर सकेगा। भारत के जी-20 नेतृत्व की सबसे बड़ी विशेषता होगी कि यह दुनिया को तोड़ने नहीं जोड़ने का माध्यम बनेगा। भारत के लिये नयी-नयी योजनाएं देने वाले मोदी निश्चित ही दुनिया में शांति एवं अमन के लिये जी-20 के माध्यम से एक प्रकाश का अवतरण करेंगे। उनके प्रभावी नेतृत्व में निश्चित ही विश्व एक परिवार की अवधारणा को विकसित होने का अवसर मिलेगा। एक विदेशी दार्शनिक लेखक वेंडल विल्की ने एक विश्व की योजना बनाकर इसी नाम से एक पुस्तक लिखी थी। बड़े गंभीर चिंतन के बाद उसने अपने विचार दिये थे, लेकिन वे क्रियान्वित न हो सके, क्योंकि सबको मिलाकर एक करने के लिए जिस प्रेम, सहिष्णुता, संवेदना, परदुःखकातरता, व्यापक सोच और भाईचारे की जरूरत थी, उसका लोगों में अभाव था। विल्की का स्वप्न स्वप्न ही रह गया। लेकिन मोदी के नेतृत्व में जी-20 का स्वप्न अवश्य साकार होगा। क्योंकि भारत के पास आपसी प्रेम, शांति, अहिंसा और आपसी मेल-मिलाप की शक्ति है। लेकिन आज की विश्व की शक्तियां क्षुद्र स्वार्थ को देखती है, व्यापक हित को नहीं। वर्तमान समय की सारी व्याधियां इसी क्षुद्र स्वार्थ और महाशक्तियों की संकीर्ण मानसिकता के कारण हैं। निश्चित ही जब वसुधैव कुटुम्बकम के विचार का जन्म भारत की माटी में हुआ होगा, तब आकाश से फूल बरसे होंगे और जब उस भावना से आकर्षित होकर कुछ लोग जुड़े होंगे तो वह कितने आनंद का दिन रहा होगा। ऐसा ही शुभ दिन है जी-20 की भारत को अध्यक्षता मिलना, अब भारत एक ऐसी रोशनी देगा, जो दुनिया को एक नयी दुनिया में बदल देगा, अमृत से भरे घट से साक्षात्कार करा देगा।

# कहां होंगे लापिएर- फिशर जैसे भारत प्रेमी

**आर.के. सिन्हा**

**गांधी** फिल्म को पिछली 30 नवंबर को रीलिज हुए चालीस साल हो गए। गांधी फिल्म बनी थी, अमेरिका में बसे महान यहुदी लेखक लुई फिशर द्वारा लिखी गांधी जी की जीवनी से प्रभावित और प्रेरित होकर। उनकी पुस्तक को गांधी जी की सर्वश्रेष्ठ जीवनी ग्रंथों में एक माना जाता है। वैसे तो गांधी जी की सैकड़ों जीवनियां लिखी जा चुकी हैं। गांधी फिल्म के रीलिज होने के चंदेक दिनों के बाद फ्रीडम एट मिडनाइट, फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल, सिटी आफ जॉय, ओजेरूसलम और इज पेरिस बर्निंग जैसी किताबों के रचयिता डोमिनिको लापिएर चल बसे। आप पूछ सकते हैं कि गांधी फिल्म, लुई फिशर और लापिएर का क्या संबंध है? आपका सवाल वाजिब है। लुई फिशर तथा लापिएर जैसे विदेशी लेखकों का भारत प्रेम उन्हें खास बनाता है।

वे भारत से हजारों मील दूर रहने पर भी भारत से सम्बंधित पर श्रेष्ठ रचनायें लिखते रहे। फ्रीडम एट मिडनाइट 1975 में प्रकाशित हुई थी। उसे बाजार में आते ही दर्शकों ने हाथों-हाथ ले लिया था। उसे लापिएर ने लैरी कौलिंस के साथ मिलकर लिखा था। दोनों लेखकों ने फ्रीडम एट मिडनाइट के जरिए भारत के पाठकों को अनेक रोचक तथ्यों से पहली बार रु ब रु करवाया था। उदाहरण के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान जाने से पहले अपना दिल्ली का बंगला उद्योगपति रामकृष्ण डालमिया को ढाई लाख रुपये में बेचा था। डालमिया ने पूरे बंगले को खरीदने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया भी था। यह जानकारी पहली बार दुनिया ने फ्रीडम एट मिडनाइट को पढ़कर जानी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू साधु-संतों से मिलने में भी परहेज नहीं करते थे। भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ तब वे 17 यार्क रोड ( अब मोतीलाल नेहरू रोड) में रहते थे। पंडित जवाहरलाल नेहरु 15 अगस्त की तैयारियों में जुटे हुए हैं। फ्रीडम एट मिड नाइट में लैरी कोलिंस तथा डोमिनिको लॉपियर लिखते हैं- ह्ल देश के स्वंतत्र होने की खुशी को दिल्ली के चप्पे-चप्पे में महसूस किया जा सकता था। सड़कों पर साधू और सन्यासी भी प्रकट हो गए थे। नई दिल्ली में जगह-जगह पर शहनाई वादक शहनाई बजाने लगे थे। 14 अगस्त, 1947 को नेहरू जी के घर में कुछ साधू पहुंच गए। वे नेहरु जी से मिले। उन्होंने उन पर पवित्र गंगा जल छिड़का, माथे पर भभूत लगाई और हाथ में मौली बांधी।

धार्मिक आडंबरों से दूर रहने वाले वाले नेहरू जी ने यह सब कुछ बड़े प्रेम से करवाया ह्व नेहरू जी इसी यार्क रोड के अपने बंगले से 14-15 अगस्त, 1947 की रात को काउंसिल हाउस (अब संसद भवन) में हुए गरिमामय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। उन्हें यह बंगला तब मिला था जब वे 1946 में अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री बने थे। वे तीन मूर्ति में तो सितंबर, 1947 में शिफ्ट हुए थे। इस तरह के तमाम तथ्यों को लिखकर लापिएर अपने पाठकों को अपना प्रशंसक बना लेते थे।

यह तथ्य भी दुनिया ने इनकी किताब से ही जाना कि अगर भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबैटन को पता चल गया होता कि कैंसर ग्रस्त जिन्ना सिर्फ कुछ महीनों के ही मेहमान है, तो वे बंटवारे की बजाय जिन्ना की मौत का इंतजार करते।

हालांकि, यह बातें सिर्फ जिन्ना के हिंदू डॉक्टर को पता थी, जिसने अपने मरीज के साथ विश्वासघात नहीं किया। लापिएर ने भोपाल गैस त्रासदी की कहानी को बेहद मार्मिक अंदाज में ह्लफाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपालह्व से पेश किया था। वास्तव में विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना या विभीषिका पर यह कालजयी किताब है। इसे उन्होंने अपने साथी जोवियर मोरो के साथ मिलकर लिखा था। उन्होंने भोपाल विभीषिका पर लिखी गई पुस्तक की सारी रायल्टी गैस पीड़ितों के कल्याण के लिये प्रकाशन के बाद से ही देने की घोषणा कर दी थी।

लापिएर ने ह्लसिटी ऑफ जॉयह्व नाम का एक प्रसिद्ध उपन्यास भी लिखा। यह कोलकाता के जीवन, उसके सुख-दुख पर गहरी नजर डालता है। लापियर और उनकी पत्नी दोनों विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए सहायता, प्रेम, सहानुभूति रखते थे। 1985 में आई उनकी किताब ह्लसिटी ऑफ जॉय कलकत्ताह्व (आज का कोलकाता) के एक रिक्शा वाले की कहानी है जो भारत में बेहद लोकप्रिय हुई। उन्होंने अपनी किताब से हुई कमाई को भारत में टीबी तथा कोढ़ से ग्रस्त मरीजों के इलाज पर खर्च किया था। अब बात उस महान लेखक लुई फिशर की भी करें जिन्होंने बापू की कालजयी जीवनी लिखी। बेशक, गांधी फिल्म को देखने के बाद पूरी दुनिया ने महात्मा गांधी को कहीं ज्यादा करीब से जाना-समझा। रिचर्ड एटिनबर्ग ने महान लेखक लुई फिशर द्वारा लिखी गांधी जी की जीवनी दि लाइफ आफ महात्मा को आधार बनाकर ही गांधी का निर्देशन किया था। जरा सोचिए, कि अगर उन्होंने लुई फिशर के काम को न पढ़ा होता तो क्या गांधी फिल्म बनती?

लुई फिशर ने जीवनी बिल्कुल उपन्यास शैली में लिखी है। इसे पढ़ते ही आप इससे जुड़ जाते हैं। इसका आप पर चुंबकीय तरीके से असर होता है। कहना न होगा कि गंभीर साहित्य अध्येताओं से लेकर विद्यार्थियों के लिए यह एक उपयोगी जीवनी है। लुई फिशर की लिखी जीवनी का पहला अध्याय बापू की हत्या से लेकर उनकी शवयात्रा पर आधारित है। यानी उन्होंने अंत को सबसे पहले ले लिया है। इस तरह का साहस फिशर ही कर सकते हैं। ये जीवनी गांधी जी के जीवन में गहरे से झांकती है। इसे पढ़ते हुए कहीं भी पाठक कहीं भी तनिक सा भी बोर नहीं होता। पाठक को ये नहीं लगता कि ये तथ्य तो उसे पहले से ही मालूम था। गांधी जी की हत्या से लेकर उनकी शवयात्रा का वे जिन तथ्यों के साथ विवरण देते हैं, वे उनकी जीवनी को बाकी से अलहदा बना देते हैं। वे लिखते हैं- ह्लमहात्मा गांधी 1918 में दिल्ली में आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही रूके। यहां पर उनसे कॉलेज के छात्र ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने मुलाकात की। वह पहली ही मुलाकात के बाद बापू के जीवनपर्यंत के लिए शिष्य बन गए। वह कॉलेज में रहते हुए ही स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने खादी के वस्त्र पहनने चालू कर दिए। ब्रज कृष्ण चांदीवाला दिल्ली के एक धनी परिवार से थे। वे ही बापू के लिए बकरी के दूध की व्यवस्था करते थे। गांधी जी का भी उनके प्रति बहुत स्नेह का भाव रहता था। गांधी जी की मृत्यु के बाद ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने ही उन्हें अंतिम स्नान करवाया था ह्व उनके विवरण अतुलनीय हैं।

# सिद्ध हो मानवाधिकार दिवस की सार्थकता ?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कुछ** अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं, जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 70 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है।

आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

भारत में 28 सितम्बर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23, 24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं।

इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

## परीक्षा के डर को निकाल कर पा सफलता

विजय गर्ग

**परीक्षा** का नाम सुनते ही सब को डर लगने लगता है, गला सूखने लगता है और सर चकराने लगता है। कई विद्यार्थी तो परीक्षा के दिनों में अवसाद में चले जाते हैं। लेकिन परीक्षा की भट्ठी में तपकर ही शिक्षार्थी सोना बनता है वह सोना जिसकी चमक दुनिया को अपनी ओर खींच लाती है। दिसंबर के महीने में डेटशीट हाथ में आते ही सभी विद्यार्थियों के घर में जैसे युद्ध का शंखनाद बज जाता है। घर में बड़े बुजुर्गों के द्वारा बच्चों को अच्छे अंक लाने का फरमान सुना दिया जाता है और बच्चे बिना कोई योजना बनाए, बिना सोचे-समझे सभी विषयों का रट्टा लगाने में जुट जाते हैं और जब तक उनको यह समझ में आता है कि शिक्षा की नई नीति के अनुसार केवल महत्वपूर्ण प्रश्नों को रटने से परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुआ जा सकता, तब तक समय हाथ से निकल चुका होता है। अब प्रश्न यह उठता है कि असमंजस की इस स्थिति में विद्यार्थी क्या करें? हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मानना है कि परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों के घर में त्यौहार जैसा माहौल होना चाहिए। अभिभावकों को विद्यार्थियों द्वारा सारा साल की गई मेहनत को एक दिशा देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। अंग्रेजी में कहावत है कि ह्वअ वैल बिगिन इस हाफ डन सबसे पहले निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार एक योजनाबद्ध तरीके से परीक्षा की तैयारी शुरू करनी होगी। 8 –10 घंटे लगातार बैठकर रट्टा लगाने की बजाय हर एक विषय का नियमित अंतराल के साथ गहन अध्ययन करें। परीक्षा के दिनों में पौष्टिक आहार लें और आवश्यक नींद लें। कंसन्ट्रेशन को बढ़ाने के लिए मैडीटेशन या योगा करें। अपना मनपसंद संगीत सुनें या परिवार व मित्रों के साथ समय व्यतीत करें। तैयारी करते समय प्रत्येक पाठ का माइंड मैप बनाएं व महत्वपूर्ण फामूर्ले, महत्वपूर्ण तिथियां व साइंस की टर्म्स के स्टिकी नोट्स बनाकर दोहराएं।

## फटाफट खबरें

### सड़क हादसे में युवक की मौत, भाई घायल, परिजनों में मचा कोहरा

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। गांव बौनामऊ निवासी शिवम सिंह (25) दही चौकी स्थित एक फैक्टरी में काम करता था।छोटे भाई सत्यम सिंह (18) को उन्नाव आना था। सुबह आठ बजे छोटे भाई को बाइक में बैठाकर उन्नाव आ रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर ग्राम थाना में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने शिवम सिंह को मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई सत्यम की हालत गंभीर है।माखी थानाध्यक्ष रामआसरे चौधरी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। सड़क हादसे में शिवम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शिवम का चार साल पहले संगीता से विवाह हुआ था। एक बेटा पवन है। पत्नी और मां सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नशे में ई रिक्शा चालक की पिटाई में सिपाही निलंबित

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ।** नशे में धुत सिपाही ने ई रिक्शा चालक की जमकर पिटाई की। कोतवाल ने सिपाही का मेडिकल कराया तो नशे में होने की पुष्टि हुई। एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। नगर के नानामऊ तिराहे के निकट मोहल्ला कटरा निवासी अंशू ई रिक्शा सवारियों का इंतजार कर रहा था। तभी कोतवाली में तैनात सिपाही अनिरुद्धा सिंह बाइक से आया और चालक से ई रिक्शा हटाने के लिए कहा। चालक जब तक रिक्शा हटाता सिपाही ने गालियां देना शुरू कर दिया। रिक्शा चालक ने विरोध किया तो उसकी पिटाई करते हुए कोतवाली गेट तक लाया।कोतवाल ने सिपाही को रोका और नशे में देख स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मेडिकल कराया। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि सिपाही के नशे की हालत में मारपीट करने की पुष्टि हुई है। चालक की तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। देर शाम एसपी ने सिपाही अनिरुद्ध सिंह को निलंबित कर दिया।

### उगाही में दरोगा और लापरवाही में सिपाही निलंबित, एसपी ने आदेश के तत्काल पालन के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** उन्नाव जिले में उगाही पर एसपी ने दरोगा और लापरवाही में सिपाही को निलंबित कर दिया है। बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी दिव्यांग शिवकुमार से खेत की मेड़ बंधवाने के नाम पर उपनिरीक्षक विनोद कुमार से 10 हजार रुपये लिए थे।इसके बाद भी मेड़ ठीक नहीं कराई। पीड़ित का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने दरोगा को लाइन हाजिर किया था। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे निलंबित कर दिया है। वहीं, आसीवन थाने में तैनात सिपाही कामेंद्र सिंह की मैनपुरी जिले के उपचुनाव में ड्यूटी लगी थी।वह ड्यूटी पर नहीं गया। इस पर एसपी ने निलंबित कर दिया है। वहीं बांगरमऊ कोतवाली में तैनात सिपाही अनिरुद्ध सिंह ने मंगलवार को नशे की हालत में कटरा मोहल्ला निवासी ई रिक्शा चालक अंशू को दौड़ा कर पीटा और खींच कर कोतवाली गेट तक ले गया।

### एंटी करप्शन टीम ने बीस हजार की रिश्वत लेते सचिव को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर ब्लाक के सकरौंहा गांव के प्रधान राजकुमार मौर्य ने ग्राम पंचायत सचिव विपिन कश्यप को एंटी करप्शन टीम झांसी से बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कराया है।

गुरुवार को सकरौंहा गांव के प्रधान राजकुमार मौर्य ने बताया कि दो लाख की लागत से खेल के मैदान का भुगतान कराने को ग्राम पंचायत सचिव विपिन कश्यप के पास कई महीनों से दौड रहे थे। ग्राम पंचायत सचिव विपिन कश्यप ने प्रधान से खेल मैदान की लागत का दस फीसदी घूस मांग रहे थे। प्रधान ने उसकी शिकायत पांच दिसम्बर को एंटी करप्शन हेड आफिस लखनऊ में की थी। जिस पर एंटी करप्शन झांसी ने मामले की जांच कराई। शिकायत सही मिलने पर एंटी करप्शन की 11 सदस्यीय टीम ने सकरौंहा के पंचायत भवन में आरोपी सचिव विपिन कश्यप को प्रधान से बीस हजार की घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी सचिव को एंटी करप्शन टीम मानिकपुर थाने ले गई। यहां आरोपी सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। न्यायालय में पेश करने को एंटी करप्शन टीम सचिव विपिन कश्यप को अपने साथ ले गई है। इस कार्यवाही से घूसखोर कर्मचारियों में हडकम्प मचा है।

# डीएपी खाद 20960 बोरी आवंटित, जल्द मिलेगी रैकः डीएम

## एनएफएल आदि खाद लेकर किसान भाई कर सकते बुवाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि जिले को रबी की फसलों के लिए इफ्को डीएपी की रैक आज कांडला से आवंटित हो गई है। तीन-चार दिनों में बांदा पहुंचने के आसार हैं। डीएपी आते ही रैक सीधे समितियों में भेजी जायेगी, ताकि किसानों को तत्काल खाद मिल सके।

गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि इन दिनों जिले में रबी फसलों की बुवाई चल रही है। किसानों को फास्फोरस युक्त खाद दिलाने को लगातार लखनऊ से सम्पर्क करने के फलस्वरुप डीएपी की रैक कांडला से रवाना होने वाली है। तीन-चार दिनों में खाद आने के आसार हैं। मांग के अनुरुप रैक सीधे समितियों व उर्वरक बिक्री केन्द्रों में भेजी जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में एनएफएल, आईपीएल, चम्बल फटीर्लाइजर्स निजी कम्पनियों की खाद विक्रेताओं के यहां है। किसान भाई वहां से खाद लेकर रबी फसलों की बुवाई कर सकते हैं। ये खाद उत्तम



डीएपी, किसान डीएपी, आईपीएल डीएपी आदि नाम से बाजार में मौजूद है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिस मात्रा में इफ्को की डीएपी में फास्फोरस व नाइट्रोजन पाये जाते हैं, उतनी मात्रा में एनएफएल, आईपीएल, चम्बल फटीर्लाइजर्स आदि निजी कम्पनियों की डीएपी में भी 46 फीसदी फास्फोरस व 18 फीसदी नाइट्रोजन पाया जाता है। प्रयोगशाला में नमूने भेजकर कराये परीक्षण में पोषक तत्वों की समान मात्रा की पुष्टि हुई है। पोषक तत्वों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। इन कम्पनियों की डीएपी प्रयोग करने से उत्पादन में कोई कमी नहीं होती। किसान भाई किसी भी कम्पनी की डीएपी अथवा एनपीके लेकर बुवाई कर सकते हैं। ये सभी उर्वरक इफ्को के उर्वरक की भांति लाभकारी हैं व उतनी ही उपज देते हैं। किसान भाई किसी तरह की गलतफहमी न पालें। कम्पनी की भिन्नता होने पर भी पोषक तत्वों की मात्रा में कोई प्रभाव नहीं पडता। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार के अनुदान युक्त खाद केवल पीओएस मशीन से बांटे जाते हैं। खाद लेने को आधारकार्ड जरूरी है। सभी प्रकार के उर्वरक केवल जिले के किसानों को दिये जायेंगे।

## एसआईबी छापेमारी से परेशान न हों व्यापारीः शानू गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/भाजपा नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में पुरानी बाजार में व्यापारियों ने वाणिज्य कमिश्नर विजय सोनी को सौंपे मांग पत्र में कहा कि एसआईबी के छापेमारी से जिले के व्यापारियों में भय का माहौल है। ये कार्यवाही तत्काल प्रभाव से रोकी जाये।

गुरुवार को राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/भाजपा नेता शानू गुप्ता की अगुवाई में वाणिज्य कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि एसआईबी की छापेमारी से छोटे



व मंझोले व्यापारियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

कोरोना काल में दो वर्ष तक व्यापारी खासे प्रभावित हुए हैं। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है। अब सुधर रही है, व्यापारियों को राहत देने की जरूरत है। व्यापारियों पर उत्पीडनात्मक कार्यवाही न की जाये। संदेह की दशा में उन्हें पहले सूचना दी जाये। वाणिज्य कर अधिकारी ने कहा कि छोटे व मंझोले व्यापारियों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। ये सामान्य जांच है। ऊपर से जारी होने वाली सूची के अनुसार ही जांच की जा रही है। किसी भी व्यापारी के साथ गलत नहीं होगा।

व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने वहां मौजूद सैकडों व्यापारियों से कहा कि सभी भयमुक्त होकर कारोबार करें, डरने की जरूरत नहीं है। प्रतिनिधि मंडल में विनोद आर्य, नन्दकिशोर गुप्ता, शेषू जायसवाल, संतोष गुप्ता, करामत अली, अखिलेश मौर्य, सुनील जायसवाल, रविराज अग्रहरि, विष्णु केशरवानी, राजेन्द्र मामा, अजय कुमार, संजय सोनी, उमेश केशरवानी, महादेव वर्मा, विजय साहू, आशीष सोनी, प्रदीप मिश्रा, प्रमोद केशरवानी, अजय सिंह आदि व्यापारीगण शामिल रहे।

## प्यार शांति और एकता से जीना सिखाती हैं फिल्में: विवेक अग्निहोत्री

**नोएडा।** फिल्म ह्यदि कश्मीर फाइल्सह्न के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि फिल्म बनाते समय कहानी और दर्शक क्या देखना चाहते हैं, को याद रखना चाहिए। छोटे बजट की फिल्में भी कमाल करती हैं। निर्देशक विवेक अग्निहोत्री गुरुवार को यहां मारवाह स्टूडियो में आयोजित 15वें ग्लोबल फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पूर्व तीन दिवसीय ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर टीपी अग्रवाल, फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री, डॉ अमोल कोल्हे, डॉ. अमर पटनायक, ट्यूनीशिया के राजदूत हेयत तल्बी, भारत में रूसी संघ के दूतावास के एकातेरिना ट्यूरिना, जिम्बाब्वे के राजदूत डॉ. गॉडफ्रे मजोनी चिपारे और मोरक्को के राजदूत अमिजल फदजली मौजूद रहे। इस मौके पर मारवाह स्टूडियो के चांसलर संदीप मारवाह ने कहा कि सिनेमा प्यार, शांति और एकता का संदेश देने का माध्यम है। आज हर देश एक दूसरे से आगे निकलने के लिए एक दूसरे से लड़ने मरने को तैयार है। ऐसे में हमारी फिल्में हमेशा एकता का संदेश देती है, प्रेम से जीना सिखाती है। टीपी अग्रवाल ने कहा कि आजकल की फिल्मों में सिर्फ एंटरटेनमेंट है। यह फिल्में हमारी आत्मा से नहीं जुड़ पाती हैं।

## नेत्र रोगियों को लाभान्वित करने को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में हुई वर्कशाप

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में साइट सेवर एवं सद्गुरु में पांच से आठ दिसम्बर तक हाईइम्पैक्ट आरईएच कार्यक्रम के तहत टेजनिंग एंड रिव्यू वर्कशाप में बतौर मुख्य अतिथि साइट सेवर से डायरेक्टर प्रसन्ना कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य उप्र-मप्र के चिन्हित जिले में विभिन्न गतिविधि एवं जागरूकता से लोगों तक आंखों के बारे में जानकारी पहुंचाई जा रही है। गुरुवार को साइट सेवर के डायरेक्टर प्रसन्ना कुमार, एरिया डायरेक्टर नार्थ अर्चना बम्बल, एरिया डायरेक्टर ईस्ट सुदीप्ता मोहंती, सीनियर मैनेजर पीपीआरएल अनन्ता बासुदेव साहू, सीनियर प्रोग्राम लीड उप्र प्रमोद त्रिपाठी, सीनियर प्रोग्राम लीड मप्र जयश्री कुमार एवं सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ बीके जैन, प्रशासक एवं ट्रस्टी



डॉ इलेश जैन क मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में डॉ बीके जैन ने बताया कि इस प्रोग्राम के माध्यम से दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों के नेत्र रोगियों की आंखों की जांच कर उन्हें नेत्र चिकित्सा का पूरा लाभ पहुंचाया जाता है।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के प्रशासक डॉ इलेश जैन ने बताया कि पिछले दस वर्षों से श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आरईएच के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नेत्र रोगियों के लिए काम कर रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विगत वर्षों में किये कार्यों का अवलोकन एवं आने वाले वर्षों में कार्य की प्लानिंग करना है। हाई इम्पैक्ट आरईएच प्रोग्राम का उद्देश्य उप्र-मप्र के चिन्हित जिलों में विभिन्न गतिविधि एवं जागरूकता से लोगों तक आंखों के बारे में जानकारी पहुंचाने का कार्य एवं कैम्प में मरीजों का निःशुल्क आंखों का इलाज कर मरीज को लाभान्वित करना है।

## केन्द्र में किसानों से सीधे बात कर डीएम ने पूछा कितना धान बेंचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीसीएफ व मंडी समिति के धान क्रय केन्द्र गल्ला मंडी कर्वी एवं क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति ऐंचवारा का औचक निरीक्षण कर धान क्रय केन्द्र देखा। गल्ला मंडी कर्वी के केन्द्र प्रभारी रामछबीले से पूंछा कि कितना धान खरीदा गया है। प्रभारी ने बताया कि अभी तक 3772 कुंतल धान खरीद हुई है।



गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि जिन किसानों का पंजीकरण क्रम से है उसी अनुसार धान खरीदकर समय से भुगतान भी करायें। जिलाधिकारी ने फोन पर किसानों से बात कर पूंछा कि कितना धान बेंचा है। केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसान पंजीकरण रजिस्टर में जो मोबाइल नम्बर दर्ज है उसे धान क्रय रजिस्टर में भी दर्ज करें, ताकि भुगतान में कोई समस्या न हो। सचिव मंडी को निर्देश दिये कि जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है, उनका धान तत्काल खरीदा जाये। केन्द्र प्रभारी अर्जुन यादव ने बताया कि 12 किसानों से 104 कुंतल धान खरीदा गया है।

जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति ऐंचवारा में केन्द्र प्रभारी शारदा प्रसाद शुक्ला को निर्देश दिये कि सभी किसानों को सही ढंग से खाद उपलब्ध करायें। धान क्रय केन्द्र के बारे में जानकारी ली। प्रभारी ने बताया कि अभी तक चार सौ कुंतल धान की खरीद की गई है। जिलाधिकारी ने गोदाम को देखकर डिप्टी आरएमओ अविनाशचन्द्र झां को निर्देश दिये कि इस केन्द्र में क्रय धान की डिलेवरी कराई जाये, ताकि समय से किसानों का धान खरीदा जा सके। उन्होंने सभी केन्द्रों में पेयजल, पंखा, प्रकाश व्यवस्था व बैनर आदि देखा। निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक, डिप्टी आरएमओ अविनाशचन्द्र झां, मंडी सचिव बिपुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्कूल से सौ गज की दूरी पर तम्बाकू उत्पाद बेंचना है अपराधः एडीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर बहादुर सिंह ने जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की बैठक में जिले को तम्बाकू मुक्त करने को कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई भी व्यक्ति के धूम्रपान करने पर उस पर दो सौ रुपये का जुमार्ना किया जायेगा।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिला स्तरीय स्टेक होल्डर कार्यशाला में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने अध्यक्षता की। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने सभी विभागाध्यक्षों का स्वागत किया। एसडीएम रामजन्म यादव ने कहा कि कोटपा अधिनियम का पालन कराने को सभी विभागों के साथ मिलकर कार्य करना होगा। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना अपराध की श्रेणी में आता है। धूम्रपान



करते पाये जाने पर दो सौ रुपये का जुमार्ना किया जा सकता है। सभी शैक्षणिक संस्थानों पर तम्बाकू मुक्त घोषित हो, ताकि आने वाली नई पीढी तम्बाकू जैसे नशे से हमेशा के लिए मुक्त हो सकें।

सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रतिदिन 55 सौ युवा तम्बाकू का सेवन कर रहे हैं। आने वाले नवजात शिशु भी इससे बच नहीं पा रहे। युवा पीढी को नशा गिरफ्त में ले रहा है। इससे वह मानसिक और शारीरिक रुप से अपंग हो रहा है। तम्बाकू कैंसर जैसी भयानक बीमारी को जन्म देता है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में बताते हुए तम्बाकू दुष्प्रभावों की जानकारी दी। रीजिनल कोआर्डिनेटर उप्र हेल्थ एसोसिएशन के पुनीत श्रीवास्तव ने सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद के बारे में बताया।

## सफीपुर क्षेत्र के सरकारी कोटे की दुकानों में भ्रष्टाचार चरम पर गरीबों के हक पर राशन माफिया डाल रहे डांका

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव ।** नगर सहित क्षेत्र में राशन वितरण में बहुत पहले से गड़बड़ झाला होता चला आ रहा है । यहां पर कस्बे एवं विकासखंड स्तर के स्थानीय उचित दर विक्रेताओं का ई पॉस मशीन में फिंगर मैच कराना तथा वितरण का समय और दिन कुछ भी निश्चित नहीं है । कोटेदार उपभोक्ताओं से सीधी तरह बात भी नहीं करते । मशीन में अंगूठा लगवाने से लेकर राशन देने तक उपभोक्ताओं को कई बार कोटेदारों के कोप का भाजन भी होना पड़ता है । जो प्रति माह के वितरण में दिखता रहता है! उस समय ऐसा प्रतीत होता है कि वितरक दुकानदार राशन लेने वाले उपभोक्ता को दान एवं खैरात स्वरूप खाद्यान्न उपलब्ध करवा रहा है । जब कभी शिकायत लेकर उपभोक्ता संबंधित जिम्मेदारों के पास पहुंचता है । तो खानापूर्ति कर उसे मामले की जांच कराए जाने जैसे शब्दों की घुट्टी पिलाकर बैरंग लौटा दिया जाता है । सफीपुर नगर सहित क्षेत्रीय कुछ उचित दर विक्रेताओं को आम जनमानस राशन माफिया कहता है । आखिर इस शब्द का अर्थ क्या है, प्रायः यह देखने और सुनने को मिलता है । की मशीन में अंगूठा लगवाने के एक या दो दिन बाद राशन देने की बात कोटेदारों द्वारा गरीब उपभोक्ताओं से कहीं जाती है । तथा बाद में मनमाने ढंग से भ्रष्टाचारी प्रक्रिया को अंजाम दे खाद्यान्न बांटा जाता है । उसमें भी अनेकों उपभोक्ताओं को घटतौली कर कम राशन ही मिल पाता है । यहां पर यह बताना भी आवश्यक होगा कि शासन द्वारा जनपद के समस्त प्रशासनिक आला धिकारियों को सीधे निर्देश दिए गए हैं! कि गरीबों को उपलब्ध करवाया जाने वाला राशन निर्बाध, बिना घटतौली के उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाने की पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई जाएं । फिर भी स्थानीय जिम्मेदारों की नाक के नीचे अधिकांश कोटेदारों द्वारा एक टीन के पिचके माप पात्र से ही बिना तौल किए राशन जरूरतमंदों को दिया जाता है यह सर्व विदित है । फिर भी आखिर ऐसा क्यों हो रहा है! इसका जिम्मेदार कौन है । अभी बीते दिवस बुधवार को सफीपुर कस्बे के एक राशन माफिया की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा की गई थी । जिसकी जांच के लिए तहसीलदार श्रीकृष्ण व पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र त्रिपाठी तथा अधिशासी अधिकारी रामचंद्र मौर्य ने राशन दुकान पर छापा मारा था । जहां पर वितरण में अनियमितताएं, स्टाफ में गड़बड़ी सहित अन्य कई कमियां पाई गई थीं जिसकी जांच प्रक्रिया प्रारंभ है । वहीं जिला पूर्ति निरीक्षक उन्नाव रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि सफीपुर नगर एवं क्षेत्र के कुछ चर्चित राशन माफिया कोटेदारों द्वारा वितरण में घोटाला भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायतें कार्यालय को प्राप्त हुई हैं! उन दुकानों पर अचानक छापेमारी कर संदिग्ध एवं महत्वपूर्ण सभी बिंदुओं की जांच करने के बाद राशन दुकान के संचालकों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

## अनुसूचित जाति छात्रावास में समस्याओं का अम्बार, होगा आन्दोलन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पंचायत सदस्य/स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष/सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी मीरा भारती ने एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपे ज्ञापन में कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति छात्रावास बेडीपुलिया में साफ-सफाई, बाथरुम के दरवाजे, खिडकियां ध्वस्त हैं। रोशनी की व्यवस्था नहीं है।

गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने कलेक्टेज्ट में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति छात्रावास बेडीपुलिया को 1997 में समाज कल्याण विभाग ने बनवाया था। अनुसूचित जाति के शोषित पीड़ित बच्चे छात्रावास में रहते हैं। जब से छात्रावास बना है, तब से साफ-सफाई, पुताई नहीं हुई है। छात्रावास की सभी खिडकियां टूटी हैं। छात्रावास की लाइट आये दिन कटी होने से इनवर्टर की व्यवस्था न होने से बच्चों को पढाई में दिक्कतें होती हैं।



छात्रावास के बाथरुम के दरवाजे-खिडकी टूटे हुए हैं। छात्रावास की दीवारों में घास उग आई है। दीवारें भी जर्जर हो गई हैं। कभी बडा हादसा हो सकता है। छात्रावास के नल में प्रदूषित पानी आने से बच्चे आये दिन बीमार होते हैं।

उन्होंने कहा कि छात्रावास के मरम्मतीकरण, सुन्दरीकरण व साफ-सफाई की धनराशि समाज कल्याण विभाग बंदरबांट कर लेता है। चेताया कि जांचकर कार्यवाही की जाये। अन्यथा की दशा में छात्रावास के छात्र आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर मोहित भाई पटेल, धर्मेन्द्र भास्कर आदि मौजूद रहे।

# यूएन में गूंजा 'दुनिया एक परिवार' का संदेश, स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख महाराज की जन्म शती मनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने संस्था के प्रमुख स्वामी जी महाराज की जन्म शती मनाई गई। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राजनयिकों ने स्वामी जी महाराज के संदेश 'दुनिया एक परिवार' के महत्व पर प्रकाश डाला।

संयुक्त राष्ट्र में अक्षर पुरुषोत्म संस्था के प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन और संदेश विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूएन के अधिकारियों और राजनयिकों ने कहा कि प्रमुख स्वामी जी महाराज दुनिया के सबसे महान आध्यात्मिक गुरुओं में से एक हैं।

उनका जीवन, सेवा और करुणा के मूल्यों पर आधारित है। वक्ताओं ने समावेशी समाजों को विकसित करने के उद्देश्य से वैश्विक परियोजनाओं और सामाजिक-आर्थिक पहलों को प्रेरित किया। यूएन में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि



स्वामी जी का जीवन सच्चे अर्थों में मानवता को एक संदेश है। यह एकता का संदेश है, अच्छाई का जश्न मनाने का संदेश है, शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश है। वे भारत के सबसे महान आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में सम्मानित हैं। कंबोज ने कहा कि स्वामी जी ने 'विश्व एक परिवार है' के सिद्धांत को जिया और दुनिया को सिखाया।

**भगवान स्वामी नारायण के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे-** प्रमुख स्वामी महाराज भगवान स्वामीनारायण के पांचवें आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे। वे 1950 में बीएपीएस के अध्यक्ष बने। 2016 में 94 वर्ष की आयु में उनका अवसान हो गया था।

**जी-20 में भारत का ध्येय 'वसुधैव कुटुंबकम'**

भारतीय राजदूत कंबोज ने कहा कि 'दुनिया को एक परिवार' मानने का यह स्थायी दर्शन बाहरी दुनिया के साथ भारत के निरंतर संपर्क और विचारों के आदान-प्रदान का मार्गदर्शन करता है। भारत 'जी 20' का अध्यक्ष बना है और उसका केंद्रीय विषय या थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है।' उन्होंने कहा कि भारत वह देश है, जहां विविधता में एकता है।

कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मिगुएल मोराटिनोस का संदेश पढ़ा गया। इसमें उन्होंने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज ने पृथ्वी की सभी जरूरतों और कठिनाइयों को समझने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

# वेस्ट बैंक हमले में इस्राइली सेना ने तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराया, सैन्य चौकी पर किया था हमला

**रामल्ला।** स्ट बैंक के शहर रामल्ला में गुरुवार को इस्राइल सैनिकों ने सैन्य चौकी पर हमला करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराया है।

इस घटना की जानकारी इस्राइलन और फिलिस्तीनी अधिकारियों ने दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइली सेना ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में तड़के छापे के दौरान तीन फिलिस्तीनियों को मार डाला।

इस्राइली मीडिया के मुताबिक कुछ दिन पहले रामल्ला के पास एक फिलिस्तीनी इस्राइली सैन्य चौकी पर गोलियां चलाने के बाद भाग गया था। जिसके बाद इस्राइल सेना ने उसको पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया था। सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया। यह क्षेत्र फिलिस्तीनी आतंकवादियों का गढ़ है और इस्राइल ने हाल के महीनों में यहां छापेमारी तेज कर दी।

**फिलिस्तीनी आतंकवादी की गोली मारकर हत्या कर दी**



आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी ने बताया कि जेनिन और इस्राइली सेना के निवासियों के बीच टकराव और हिंसक झड़पें' हुईं। , इस्राइली सैनिकों ने ओफरा के वेस्ट बैंक बस्ती के पास एक फिलिस्तीनी आतंकवादी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद दो और फिलिस्तीनियों को गोली मार दी।

**फिलिस्तीनी गुटों का हड़ताल का आह्वान**

वहीं शहर में फिलिस्तीनी गुटों ने मृतकों का शोक मनाने और उनके परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हड़ताल का आह्वान किया है। इस वर्ष वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इस्राइल-फिलिस्तीनी लड़ाई में 140 से अधिक फिलिस्तीनी मारे

**इस्राइली मीडिया के मुताबिक कुछ दिन पहले रामल्ला के पास एक फिलिस्तीनी इस्राइली सैन्य चौकी पर गोलियां चलाने के बाद भाग गया था। जिसके बाद इस्राइल सेना ने उसको पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया था।**

गए हैं, जो 2006 के बाद से सबसे बुरा साल है। इस्राइली सेना का कहना है कि मारे गए ज्यादातर फलस्तीनी चरमपंथी हैं। लेकिन इस्राइली सेना की घुसपैठ का विरोध कर रहे पथराव करने वाले युवक और टकराव में शामिल नहीं होने वाले अन्य लोग भी मारे गए हैं।

# मस्क ने खोया सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब! अरनॉल्ट ने कुछ देर के लिए हासिल किया मुकाम

**वाशिंगटन।** एलन मस्क का दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति होने का ताज कुछ देर के लिए छीन गया। फोर्ब्स की अमीरों की रियल टाइम सूची के अनुसार वे खिसक कर दूसरे पायदान पर आ गए थे। उनकी जगह फ्रांस के 73 वर्षीय अरबपति बर्नार्ड अरनॉल्ट ने ले ली। अरनॉल्ट लग्जरी ब्रांड लुइस वुइटन की मूल कंपनी एलवीएमएच के मालिक हैं। फोर्ब्स के रियल टाइम इंडेक्स के मुताबिक, कुछ क्षण के लिए बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 184.7 अरब डॉलर और ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क की नेटवर्थ 184.6 अरब डॉलर पर आ गई थी।

**ट्विटर की खरीदी से झटका**

बताया जा रहा है कि एलन मस्क की संपत्ति में कमी इलेक्ट्रिक-कार कंपनी टेस्ला में उनकी हिस्सेदारी के मूल्य में भारी गिरावट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने के कारण आई। टेस्ला के मालिक मस्क सितंबर 2021 से शीर्ष स्थान पर हैं। तब से यह पहली बार है जब मस्क खिसक कर दूसरे स्थान पर आ गए थे।

**कितनी है बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ**

कुछ क्षण के लिए एलन मस्क फोर्ब्स की 'रियल-टाइम बिलियनेयर्स' की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। ट्विटर और टेस्ला के सीईओ को बर्नार्ड अरनॉल्ट के पीछे छोड़ दिया था। फोर्ब्स ने कुछ देर बाद मस्क की संपत्ति 184.9 अरब डॉलर आंकी, जबकि अरनॉल्ट की अनुमानित संपत्ति 184.7 अरब डॉलर है। इस लिहाज से दोनों अरबपतियों के नेटवर्थ में मामूली अंतर रह गया।

रईसों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर भारत के गौतम अदाणी हैं। अडानी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की कुल दौलत 134.8 अरब डॉलर है। वहीं, अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की रैंकिंग चौथी है और वह 111.2 अरब डॉलर के मालिक हैं।

## जर्मनी में सशस्त्र तख्तापलट की योजना की भनक पर धरपकड़ तेज

**बर्लिन।** जर्मनी में सशस्त्र तख्तापलट की भनक मिलते ही धरपकड़ तेज हो गई है। पुलिस ने धुर दक्षिणपंथी चरमपंथियों के करीब 130 ठिकानों पर छापा मारकर राइषबुर्गर से जुड़े 25 सदस्यों व समर्थकों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि यह लोग ताकत के जरिये देश में सरकार पलटने की कोशिश में लगे थे। फॉर राइट ग्रुप से जुड़े सदस्य प्रिंस को राष्ट्रीय नेता के रूप में देखना चाहते हैं। माना जा रहा है कि उसे रूस का समर्थन हासिल है। उल्लेखनीय है कि राइषबुर्गर समूह के सदस्य जर्मनी को वैध राज्य नहीं मानते हैं। क्रेमलिन के अनुसार इस मामले में रूस के शामिल होने का कोई प्रश्न नहीं है। जर्मनी सरकार ने कहा है कि इस मामले में कानून के अनुसार पूरी ताकत के साथ कार्रवाई की जाएगी। हिरासत में लिए गए लोगों में 22 जर्मन नागरिक, एक रूसी नागरिक के अलावा 3 अन्य शामिल हैं। यह तीन लोग आतंकी गुट के सदस्य बताए गए हैं।

## टाइम ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को 'पर्सन ऑफ द ईयर' किया घोषित

**न्यूयॉर्क।** प्रतिष्ठित पत्रिका टाइम ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को 2022 के लिए टाइम का 'पर्सन ऑफ द



ईयर' घोषित किया गया है। पत्रिका ने अपने ताजा अंक में राष्ट्रपति जेलेंस्की को कवर पेज पर स्थान दिया है। दरअसल, रूस-यूक्रेन वार में राष्ट्रपति जेलेंस्की पिछले 10 महीनों से रूस के खिलाफ विरोध की आवाज बनकर उभरे हैं। इस युद्ध में जेलेंस्की ने धैर्य और गंभीरता का परिचय देकर यूक्रेन से कई गुना बड़ी रूस की सेना का मुकाबला कर रहे अपने सैनिकों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं। टाइम ने कहा कि अब जेलेंस्की की पीढ़ी विदेशी आक्रमणकर्ता के झटकों का सामना कर रही है। टाइम पत्रिका ने अपनी रिपोर्ट में उनके खेरासन दौरे का भी जिक्र किया, जिसे यूक्रेन के सैनिकों ने रूस से आजाद करवाया था।

## ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नवनिर्मित गुरुद्वारा का किया उद्घाटन

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय (74) ने पूर्वी इंग्लैंड के बेडफोर्डशायर में एक नवनिर्मित गुरुद्वारा का उद्घाटन किया। यह उनका महाराजा के तौर पर पहला दौरा है। इस दौरान महाराजा चार्ल्स कीर्तन सुनने के लिए गुरुद्वारे के दीवान हॉल में समुदाय के नेताओं के साथ बैठे। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर तैयार करने वाली रसोई का भी निरीक्षण किया और लंगर तैयार करने वाले व स्वयंसेवकों से बातचीत भी की। इस दौरे के संबंध में शाही निवास स्थल 'बकिंघम पैलेस' ने बताया कि नवनिर्मित गुरु नानक गुरुद्वारे में महाराजा ने ल्यूटन सिख सूप स्टैंड संचालित करने वाले स्वयंसेवकों से

# अमेरिका का ऐलान- धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत को लेकर चिंता की जरूरत नहीं

**- चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सहित 12 देश विशेष चिंता वाले देशों की सूची में शामिल**

**वाशिंगटन।** धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की स्थिति दुनिया के अन्य देशों से अच्छी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ऐलान किया है कि धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का यह बयान उस समय आया है, जबकि पिछले सप्ताह ही पाकिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए विशेष चिंता वाले देशों में शामिल किया गया है।

हाल ही में अमेरिका ने चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सहित 12 देशों को धार्मिक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के लिए विशेष



चिंता वाले देशों की सूची में शामिल किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि दुनिया भर में सरकारें और गैर-सरकारी तत्व लोगों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर परेशान करते हैं। उन्हें डराया जाता है और जेल में डाला जाता है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिका की वार्षिक रिपोर्ट में ऐसी चिंताओं पर ध्यान दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि हम सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रहे हैं और इसमें भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए अमेरिका की विशेष निगरानी सूची में रखने की आवश्यकता नहीं है। भारत की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत, विभिन्न मान्यताओं की विविधता वाला देश है। भारत निश्चित रूप से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह अलग-अलग विश्वासों व मान्यताओं की एक महान विविधता का घर है।

# पाकिस्तान में आग से तीन सौ दुकानें जलकर राख



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक बाजार में आग लगने से लगभग तीन सौ दुकानें जलकर राख हो गईं। दमकल की 10 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आंतरिक मामलों के मंत्री ने इस घटना पर स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। बताया गया कि पुराने कपड़े और कालीन के बाजार में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि तेजी से दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया और तीन सौ से अधिक दुकानें जल कर राख हो गई हैं। आग लगने की सूचना पर दमकल की 10 गाड़ियों ने आग बुझाने में कई घंटे तक मशक्कत की। आग पर काबू पाने के लिए पाकिस्तान वायु सेना की दो दमकल गाड़ियां भी मौकेपर पहुंचीं।

# रूस ने कहा, यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रहेगा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि 'विशेष सैन्य अभियान' अपेक्षा से अधिक लंबा खिंच चुका है।

पुतिन ने युद्ध को लेकर कहा कि निश्चित रूप से यह एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है। रूस अपने हितों के लिए कोई भी कड़ा निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगा। रूस ने बेलारूस के साथ नया सुरक्षा समझौता किया है। उल्लेखनीय है कि इस समय यूक्रेन में डेढ़ लाख पूर्णकालिक सैनिक तैनात हैं जिनमें से 77 हजार हमलावर दस्ते के जवान हैं। पुतिन ने कहा,



हम पहले बातचीत का शांतिपूर्ण रास्ता अपनाते हैं। लेकिन जब उससे समस्या का समाधान नहीं होता है तब हम अपने उपलब्ध साधनों के इस्तेमाल के लिए स्वतंत्र होते हैं।

# पेरू में राजनीतिक उथल-पुथल, राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो निष्कासित

**लीमा (पेरू)।** पेरू में राजनीतिक उथल-पुथल तेज हो गई है। पेरू कांग्रेस ने राष्ट्रपति ड्रो कैस्टिलो को निष्कासित कर उनकी जगह उपराष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को देश का अगला राष्ट्रपति नियुक्त किया है। पेरू के 200 साल से ज्यादा के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार किसी महिला को राष्ट्रपति बनाया गया है। इससे पहले ड्रो कैस्टिलो ने विधायिका को भंग करने के साथ आपातकालीन सरकार स्थापित करने की कोशिश की। इसके बाद पेरू कांग्रेस ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। 130 सदस्यीय कांग्रेस में 101 विधायकों ने राष्ट्रपति ड्रो कैस्टिलो को पद से हटाने के लिए मतदान किया। इस घटनाक्रम पर मेक्सिको के विदेश मामलों के सचिव मार्सेलो एबरार्ड ने कहा कि इस वजह से 14 दिसंबर को लीमा में होने वाले प्रशांत गठबंधन शिखर सम्मेलन को स्थगित करने का फैसला किया गया है। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के



प्रशासन ने पेरू में राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई है। उधर, कैस्टिलो ने आधीरात जनता को संबोधित किया। उन्होंने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया।

# दलित एनजीओ को यूएन परिषद की मान्यता, भारत समेत कई देशों ने जताई थी आपत्ति

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद एक दलित मानवाधिकार संगठन समेत नौ एनजीओ को मान्यता दे दी। भारत, चीन और रूस समेत कई देशों ने इस पर आपत्ति जताई थी, इसके बावजूद कदम आगे बढ़ाए गए हैं।

इन नौ गैर-सरकारी संगठनों को विशेष परामर्शदाता का दर्जा दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद यूएन के छह प्रमुख संगठनों में से एक है। यह परिषद आर्थिक व सामाजिक मामलों को देखती है।

इन संगठनों को मान्यता देने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। ये एनजीओ हैं- इंटरनेशनल दलित सॉलिडेरिटी नेटवर्क (आईडीएसएन), मानवाधिकार और अंतर्राष्ट्रीय कानून का अरब-यूरोपीय केंद्र, बहरीन मानवाधिकार केंद्र, कॉप्टिक




सॉलिडेरिटी गल्फ सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स, अंतर्क्षेत्रीय गैर-सरकारी मानवाधिकार संगठन मैन एंड लॉ, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के लिए एंड्री रिलकोव फाउंडेशन, द वर्ल्ड यूनियन ऑफ कॉसैक एटमैन्स एंड वर्ल्ड विदाउट जेनोसाइड शामिल हैं।

प्रस्ताव के पक्ष में 24 मत पड़े, विरोध में 17 प्रस्ताव के पक्ष में रिकॉर्ड 24 मत पड़े, जबकि खिलाफ में 17। 12 सदस्य अनुपस्थित रहे। परिषद की 19 सदस्यीय समिति ने इस साल सितंबर में नौ एनजीओ के मान्यता आवेदनों को खारिज कर दिया था। यह समिति एनजीओ के मान्यता आवेदनों पर विचार करती है।

एक बार आवेदन की समीक्षा और समिति द्वारा अनुमोदित होने के बाद, इसे परामर्शदाता बनाने की सिफारिश की जाती है।

## अमेरिका में भारतवंशी रमेश बलवानी को 13 साल की जेल, पूर्व प्रेमिका एलिजाबेथ होम्स को भी सजा

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी कोर्ट ने भारतवंशी रमेश 'सनी' बलवानी को 13 साल की जेल की सजा सुनाई है। उन्हें अपनी पूर्व गर्ल फ्रेंड व अमेरिकी स्टार एलिजाबेथ होम्स द्वारा स्थापित ब्लड टेस्टिंग स्टार्टअप कंपनी थेरानोस के जरिए निवेशकों व पीड़ितों से धोखाधड़ी का दोषी माना गया है। बलवानी थेरानोस के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस मामले में होम्स को पिछले माह सजा सुनाई जा चुकी है। 57 वर्षीय बलवानी को कैलिफोर्निया की कोर्ट ने 12 साल 11 माह तक संघीय जेल में रखने का आदेश दिया। अमेरिकी अटॉर्नी स्टीफन हिंड्स ने बताया कि बलवानी ने थेरानोस की भ्रामक ब्लड टेस्टिंग रिपोर्ट के जरिए मरीजों की जान को खतरे में डाला और निवेशकों के साथ लाखों डॉलर की धोखाधड़ी की। बार-बार प्रौद्योगिकी खामियों के बावजूद रमेश बलवानी और उनकी पूर्व गर्ल फ्रेंड एलिजाबेथ होम्स ने अपने निवेशकों और पीड़ितों को धोखा देना जारी रखा। हिंड्स ने कहा कि देश के स्वास्थ्य तंत्र में मरीज की सुरक्षा व सेहत को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। सिलिकॉन वैली लंबे समय से हेल्थकेयर स्टार्ट-अप का केंद्र रही है। बलवानी ने सिलिकॉन वैली के अगुआ बनने की होड़ में रोगी की सुरक्षा से कहीं अधिक मूल्यवान व्यावसायिक सफलता और निजी कमाई को माना। बलवानी का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, लेकिन उनका परिवार भारत आ गया था। 1980 के दशक में वे पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने टेक्सास यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। एलिजाबेथ होम्स को इसी मामले में पिछले महीने जिला जज न्यायाधीश डेविला ने 11 साल और 3 महीने की सजा सुनाई थी। उसे 27 अप्रैल 2023 को जेल में सरेंडर करने का वक्त दिया गया है। जज डेविला ने बलवानी को भी सरेंडर करने के लिए 15 मार्च 2023 तक का वक्त दिया गया है।

## ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने सकल राजस्व पर जीएसटी लगाने की मांग उठाई

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने सकल राजस्व पर जीएसटी लगाने की मांग की है। उद्योग को जीएसटी की मौजूदा दर 18 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह कर सकल राजस्व पर लगाया जाना चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा गया कि सकल राजस्व के बजाय अगर प्रतिस्पर्द्धा प्रवेश राशि पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी परिषद यदि कर लगाने का फैसला करती है(, तो 2.2 अरब डॉलर के आकार वाले इस उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।